हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–207 : जौनपुर, सोमवार 22 नवंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सॉल्वर गैंग पार्ट–2 का खुलासा : सरकारी कर्मचारी व साइबर कैफे संचालक गिरफ्तार

वाराणसी ब्यूरो : सॉल्वर गैंग पार्ट–2 के मास्टरमाइंड चंदौली से लघु सिंचाई विभाग का कर्मचारी कन्हैया कुमार और वाराणसी के सुंदरपुर में साइबर कैफे संचालक क्रांति कौशल को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में अन्य परीक्षाओं में धांधली उजागर हुआ है। नीट सॉल्वर गैंग में कड़ी से कड़ी जुड़ती जा रही है। नीट में सॉल्वर गैंग के जरिए प्रवेश परीक्षा पास कराने वाले एक और गिरोह का वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस ने खुलासा किया है। सॉल्वर गैंग पार्ट–2 के मास्टरमाइंड चंदौली से लघु सिंचाई विभाग का कर्मचारी कन्हैया कुमार और वाराणसी के सुंदरपुर में साइबर कैफे संचालक क्रांति कौशल को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पिछले सात सालों से इस गैंग को संचालित कर रहे दोनों नीट सॉल्वर गैंग के मास्टरमाइंड नीलेश कुमार पीके के संपर्क में थे। पुलिस के मुताबिक वाराणसी से संचालित इस गैंग के मास्टरमाइंड कन्हैया का नेटवर्क यूपी के कई शहरों सहित देश की राजधानी दिल्ली तक फैला हुआ है। अन्य परीक्षाओं में भी धांधली उजागर। कन्हैया के पास से कई परीक्षाओं के कैंडिडेट्स के ओरिजिनल डाक्यूमेंट्स एवं एडमिट कार्ड मिले हैं। दोनों को सारनाथ थाने में दर्ज मुकदमे के आधार गिरफ्तार किया गया। सोमवार को दोनों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस की पूछताछ में यह खुलासा हुआ है कि अन्य परीक्षाओं में भी यह गिरोह सेंधमारी करता रहा है। पुलिस आयुक्त ए सतीश गणेश ने बताया कि कस्टडी रिमांड पर लिए गए नीलेश उर्फ पीके से पूछताछ के दौरान उसके वाराणसी से संबंधित सहयोगियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। जिसके क्रम में आरोपी मिर्जापुर चुनार के बरेठा निवासी कन्हैया लाल सिंह और चंदौली के बबुरी थाना



अंतर्गत नरहरपुर निवासी क्रांति कौशल को सिंहपुर बाईपास के पास से सफारी गाड़ी के साथ गिरफ्तार किया गया। कन्हैया चंदौली में लघु सिंचाई विभाग में बोरिंग टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत है जबकि क्रांति कौशल सुंदरपुर चितईपुर में साइबर कैफे चलाता है। गिरफ्तार अभियुक्त नीट परीक्षा से संबंधित सरगना नीलेश उर्फ पीके से करीब कई वर्षों से लगातार संपर्क में थे। उत्तर प्रदेश की विभिन्न नौकरियों की परीक्षाओं जैसे सहायक शिक्षक, यूपीटेट, यूपीएसआई, एएनएम चिकित्सा विभाग, एसएससी व अन्य कई परीक्षाओं के अभ्यर्थियों को सॉल्वरों के माध्यम से पास कराने के लिए दिल्ली लखनऊ एवं कानपुर के अपने अलग साथियों के साथ एक समानांतर गैंग चला रहा था।

## शादी के दौरान चली गोली से युवक की मौत : परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

मिर्जापुर ब्यूरो : यूपी के मिर्जापुर में रविवार की देर रात शादी के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से एक युवक को गोली लग गई। मौके पर एसपी अजय कुमार सिंह, एएसपी सिटी संजय वर्मा सहित बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स पहुंची। कई बरातियों से पूछताछ की गई। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं तो वहीं पुलिस हर्ष फायरिंग के एंगल से जांच कर रही है। शहर कोतवाली अंतर्गत वासलीगंज निवासी आशीष गुप्ता (25) पुत्र शम्भूनाथ गुप्ता गिट्टी, बालू इत्यादि का काम करता है। रात में वह महंत शिवाला स्थित एक लॉन में आयोजित शादी में सम्मिलित होने गया था। रात एक बजे के करीब वाहन स्टैंड के पास गोली चलने की आवाज सुनाई दी। लोग पहुंचे तो मौके पर आशीष खून से लथपथ मिला। उसके पेट में गोली लगी थी। आननफानन परिजन उसे मंडलीय अस्पताल ले गए, जहां से हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। सेंटर पहुंचने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर, घटना की सूचना पर एसपी सहित बड़ी संख्या में फोर्स पहुंची। बरातियों के अलावा मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ की गई। मौत से पहले आशीष ने लिया किसी युवक का नाम!परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। मौत से पहले आशीष द्वारा एक व्यक्ति का नाम लेने का दावा कर रहे हैं तो वहीं पुलिस हर्ष फायरिंग को गोली लगने का कारण बता रही है। फिलहाल पुलिस जांच–पड़ताल में जुटी है। एसपी अजय सिंह का कहना है कि बारात में ही किसी के द्वारा की गयी हर्ष फायरिंग के दौरान आशीष के पेट में गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रॉमा सेंटर ले जाते समय रास्ते मे मौत हो गई। कोतवाली कटरा पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## कूलर में करंट उतरने से दो मासूमों की मौतः परिजनों में कोहराम

भदोही ब्यूरो : भदोही जिले के सेमराध गांव में सोमवार दोपहर दर्दनाक हादसा हुआ। कूलर में उतरे करंट की चपेट में आने से दो मासूमों की मौत हो गई। दोनों चचेरे भाई थे जो कूलर के पास खेल रहे थे। हादसे के बाद से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना के बाद से पूरे गांव में मातम है। गोपीगंज थाना क्षेत्र के सेमराध गांव निवासी जयशंकर दुबे के दो पुत्र राहुल और प्रवीण हैं। राहुल का डेढ़ वर्षीय पुत्र कान्हा और प्रवीण का 17 माह का पुत्र कृष्णा घर के बाहर खेल रहे थे। वहीं पास में ही कूलर रखा हुआ था। परिवार के लोगों की मानें तो कूलर पर तार टूटकर गिरा हुआ था। किसी ने ध्यान नहीं दिया और बच्चे खेलते–खेलते कूलर के पास चले गए। जैसे ही कूलर के संपर्क में आए करंट लगने के कारण दोनों झुलस गए। परिजनों ने आनन–फानन दोनों को गोपीगंज के निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिवार में दो मासूमों की एक साथ इस तरह से हुई मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी होने पर पूर्व मंत्री रंगनाथ मिश्रा के अतिरिक्त डॉ. अभय कुमार मिश्र, अजीत सिंह आदि लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की।

## मुंगराबादशाहपुर विधानसभा में आठ दिवसीय " कांग्रेस की प्रतिज्ञा यात्रा "

जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : मुंगरा बादशाहपुर विधानसभा में आठ दिवसीय " कांग्रेस की प्रतिज्ञा यात्रा " के दौरान ग्राम सभा अरुवॉ सुजानगंज में मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव डॉक्टर प्रमोद के. सिंह जी ने सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता व महिलाओं को संबोधित किया ।उन्होंने कहा यात्रा में कांग्रेस जन घर घर जाकर उत्तर प्रदेश के विकास को लेकर प्रियंका गांधी जी की प्रतिज्ञा पत्र को पहुँचाने का काम कर रहे हैं जिस तरह से भाजपा सरकार तमाम वायदे कर सत्ता में आसीन हुई मगर सारे वायदे हवा हवाई साबित हुए मगर हम कांग्रेसजन उत्तर प्रदेश के विकास को लेकर कई प्रतिज्ञा की है जिसे 2022 में सरकार आने के पश्चात हम पूरा करेंगे , किसानों का कर्जा माफ बिजली बिल हाफ, धान व गेहूं प्रति कुंतल 2500 सहित कई प्रतिज्ञा हम लोगों ने की है और उसे पूरा करने का बचन भी दे रहे हैं । उत्तर प्रदेश के विकास को लेकर हमारी प्रतिज्ञा दूसरे पार्टी की तरह नहीं है क्योंकि इतिहास साक्षी है कांग्रेस



ने जो वादा किया है उसे पूरा किया है ।2008 में हमने पूरे देश भर के किसानों का कर्जा माफ किया था ! आज भी कांग्रेस शासित राज्य छत्तीसगढ़ में ढाई हजार रुपये प्रति क्विंटल धान बिक रहे हैं , पंजाब राजस्थान , छत्तीसगढ़ में हमने किसानों का कर्जा माफ किया है । " कांग्रेस की प्रतिज्ञा यात्रा " कार्यक्रम में डॉक्टर सिंह के साथ सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता साथ चल रहे थे । साथ में शिक्षक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष श्याम शंकर उपाध्याय , यूथ कांग्रेस मुंगरा बादशाहपुर विधानसभा के अध्यक्ष नीरज सरोज , व्यापार प्रकोष्ठ के जिला महासचिव धीरज उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

## विकास खण्ड एवं जिला स्तर पर 23 नवंबर को किया जा रहा खेल प्रतियोगिता का आयोजन

जौनपुर सू.वि. : जिला विकास अधिकारी ने अवगत कराया है कि सांसद खेल स्पर्धा के अंतर्गत विकास खण्ड स्तर एवं जिला स्तर पर पूर्वान्ह 11.00 बजे से खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमे दौड़, कुश्ती, कबड्डी, वालीबाल हेतु 23 नवम्बर 2021 को विकास खंड डोभी के अमरौना खेल स्टेडियम, सिरकोनी में सिद्धनाथ मंदिर सैदाबाद, बक्सा में मां गुजराती महाविद्यालय चुरावनपुर, शाहगंज में इण्टर कालेज सबरहद, 24 नवम्बर 2021 को विकास खण्ड मुफ्तींगज में मनरेगा पार्क मुर्तजाबाद, खुटहन के तबेला मैदान रसूलपुर, बदलापुर में इण्टरकालेज सिंगरामाऊ, मुंगराबादशाहपुर में सार्वजनिक इण्टर कालेज मुंगराबादशाहपुर, मड़ियाहूँ कुम्भ मेला मैदान मेहदीगंज, 25 नवम्बर 2021 को विकास खण्ड केराकत के नार्मल मैदान केराकत, करंजाकला में इंदिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर, रामपुर में वंशीधर इण्टर कालेज फजुलहा, जलालपुर में ग्राम स्टेडियम मझगवॉकला, महराजगंज में ग्राम स्टेडियम चरियांही, 26 नवम्बर 2021 को सुइथाकला में इंटर कालेज समोदपुर, धर्मापुर में मनरेगापार्क मोहिउदीनपुर, रामनगर में पं0 श्यामलाल मेला मैदान महुअरिया, सिकरारा में खेल मैदान खानापट्टी, सुजानगंज में इं0 कालेज नगौली, 27 नवम्बर 2021 को विकास खण्ड बरसठी के रसूलहा तालाब पदुमपुर, मछलीशहर के ग्रामीण स्टेडियम भटेवरा, 28 नवम्बर 2021 को जनपद स्तर पर इंदिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर में किया जायेगा। उन्होंने अवगत कराया है कि इच्छुक खिलाड़ी समय से पहुचकर भाग ले सकते है।

## नगर पालिका परिषद जौनपुर कैम्पस में खाद्य पंजीकरण कैम्प का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने अवगत कराया है कि 22 नवम्बर 2021 को अभिहित अधिकारी डा. वेद प्रकाश मिश्र एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार राय एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण अमरदेव सिंह कुशवाहा एवं राजेश मौर्य की उपस्थिति में स्थान नगर पालिका परिषद जौनपुर, कैम्पस में खाद्य पंजीकरण/अनुज्ञप्ति कैम्प आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के जनपद के कुल 63 खाद्य कारोबारकर्ताओं द्वारा आवेदन जमा किया गया। कार्यक्रम के दौरान मौके पर ही बहुत से खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य पंजीकरण का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा खाद्य कारोबारकर्ताओं को भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के बारें में जागरूक करते हुए उन्हे निर्देशित किया गया कि खाद्य खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत आवश्यक खाद्य पंजीकरण/अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के उपरान्त ही अपने खाद्य कारोबार का संचालन करें एवं अपने–अपने प्रतिष्ठान में स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों का निर्माण/क्रय/विक्रय/भण्डारण करना सुनिश्चित करें।

## चुनावी पाठशाला आयोजित कर मतदाताओं को किया गया जागरूक

जौनपुर सू.वि. : प्रजातंत्र को मजबूत बनाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के दिशा–निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी कड़ी में लोगों को मतदाता बनने के लिए प्रेरित करने को लेकर विकास खण्ड बक्शा के सभी 165 परिषदीय विद्यालयों पर चुनावी पाठशाला का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में किया गया। जिसमें वोटर बनने से लेकर विधानसभा चुनाव के महत्व के बारे में बताया गया। प्राथमिक विद्यालय बेलापुर पर आयोजित चुनावी पाठशाला में खण्ड शिक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी मतदाओ की भागीदारी जरूरी हैं। इसके लिए आवश्यक है कि 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके सभी पात्र लोग वोटर बनें, और इस समय वोटर बनने का अभियान भी चल रहा है, इसलिए समय रहते मतदाता बने। जिससे आने वाले विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। उन्होंने सभी शिक्षकों, शिक्षामित्रों अनुदेशकों बीएलओ से कहा कि किया कि



निरन्तर मतदाताओं को जगाते रहें, विशेषकर महिलाओं को वोटर बनाने व निर्वाचन साक्षरता बढ़ाने का कार्य करें। इस अवसर पर बक्शा ब्लाक के सभी एआरपी, शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने चुनावी पाठशाला के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया।

## रन फॉर वोटर 23 नवम्बर को

जौनपुर सू.वि. : स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत लोगो को वोटर बनने हेतु व निर्वाचन साक्षरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम रन फॉर वोटर 23 नवम्बर को समय प्रातः 8 बजे, स्थान कुत्तुपुर तिराहा से सिद्दीकपुर खेल स्टेडियम तक आयोजित हैं। रन फॉर वोटर को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। इच्छुक छात्र–छात्राएं खिलाड़ी व युवा रन फॉर वोटर में प्रतिभाग करने के लिए 23 नवम्बर 2021 को प्रातः 7 बजे कुत्तुपुर तिराहा पर उपस्थित होकर अपनी इन्ट्री करवाते हुए अपना चेस्ट/विप्स नम्बर प्राप्त कर ले।

## सांसद ने शटल एक्सप्रेस में आरक्षण खत्म करने एवं प्रयागराज–सुल्तानपुर होते हुए गोरखपुर तक सुपरफास्ट इंटरसिटी एक्सप्रेस संचालन के लिए लिखा पत्र

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : गाड़ी संख्या 20401 जो सुपरफास्ट शटल एक्सप्रेस के नाम से संचालित की गई है उस के संदर्भ में पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल को 19 नवंबर 2021 को पत्रांक संख्या एमजीपी –1006 के माध्यम से पत्र लिखकर कहा है कि अतिशयोक्ति नहीं होगा कि उक्त शटल सुपरफास्ट एक्सप्रेस वरुणा एक्सप्रेस के स्थान पर संचालित की गई है ।श्रीमती गांधी ने उक्त ट्रेन की व्यवस्था में बदलाव की मांग करते हुए सामान्य श्रेणी के कोच में आरक्षण व्यवस्था को समाप्त कर अनारक्षित सामान्य टिकट व्यवस्था लागू करने एवं शटल एक्सप्रेस को लखनऊ के स्थान पर कानपुर तक संचालित करने के लिए कहा है ।सांसद श्रीमती गांधी ने पत्र में लिखा है कि शटल एक्सप्रेस में वातानुकूलित कुर्सीयान जो एक कोच उपलब्ध है उसे बढ़ाकर कम से कम 2 कोच किए जाना जनहित में आवश्यक है। श्रीमती गांधी ने पत्र में बताया है कि ट्रेन में जो वातानुकूलित कुर्सीयान लगाया गया है वह जर्जर स्थित में है उसे बदलकर व्यवस्था सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। सांसद मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी नहीं जानकारी दी कि सांसद श्रीमती गांधी ने 19 नवंबर 2021 को ही पत्रांक संख्या एमजीपी–1005 के माध्यम से उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल को लिखे दूसरे पत्र में अवगत कराया है गोरखपुर ,अयोध्या व प्रयागराज धार्मिक दृष्टिकोण से बहुत ही महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है ।सांसद ने पत्र में लिखा है कि मेरे संसदीय क्षेत्र जनपद सुल्तानपुर सहित अन्य जनपद क्रमशः प्रतापगढ़, अमेठी, अयोध्या, बस्ती, संतकबीरनगर व गोरखनाथ धाम अयोध्या धाम प्रयागराज की पवित्र धार्मिक यात्रा सहित विभिन्न प्रकार के दैनिक यात्रियों को लाभ प्रदान करने हेतु एक सुपरफास्ट इंटरसिटी एक्सप्रेस गाड़ी का संचालन करना आवश्यक प्रतीत होता है ।सांसद ने पत्र में आगे लिखा है कि वर्णित महत्वपूर्ण तथ्यों को देखते हुए रेलवे के लखनऊ डिवीजन द्वारा एक नई सुपरफास्ट इंटरसिटी एक्सप्रेस जिसका रोजाना संचालन प्रयागराज– प्रतापगढ़– पीपरपुर– सुल्तानपुर– अयोध्या – बस्ती– खलीलाबाद से गोरखपुर तक के रेल मार्ग पर कराने का कष्ट करें। सांसद ने अवगत कराया है कि इस इंटरसिटी एक्सप्रेस के संचालन से रोजाना हजारों दैनिक यात्री लाभप्रद होंगे वही रेलवे को भरपूर राजस्व की प्राप्ति होगी। सांसद के इस पहल का काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष संतबख्श सिंह चुन्नू ,पूर्व मंत्री विनोद सिंह, पूर्व विधायक अर्जुन सिंह,सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार, पूर्व जिला महामंत्री शशिकांत पांडे , कृपा शंकर मिश्रा, भाजपा नेता शशिभद्र सिंह, महिला मोर्चा की क्षेत्रीय महामंत्री बबीता तिवारी, काशी क्षेत्र की मंत्री कंचन कोरी, भाजपा नेता अवध कुमार सिंह, मीडिया विभाग जिला संयोजक अरुण दुबे ,भाजपा नेता बाबी सिंह, उत्तम सिंह, अल्पसंख्याक मोर्चा के महामंत्री दावर खान, मंडल अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव,काली सहाय पाठक, राम अभिलाष सिंह , नगर अध्यक्ष अकाश जयसवाल संदीप तिवारी,संदीप पांडे,सुभाष वर्मा,रामचंद्र दुबे,अनवर खान सहित जिलेवासियों ने स्वागत करते हुए सांसद का आभार प्रकट किया है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## उरूवा थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद



गोरखपुर खजनी ब्यूरो रवि कुमार : पहाड़पुर, धुरियापार, उरुवा थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गाँव में चोरों ने एक घर में किया हाथ साफ! रविवार की रात पहाड़पुर के अब्दुल मोइद खान के घर में चोर जंगलें की ग्रिल तोड़कर अंदर घुस गये और घर के अंदर रखे पेटी बक्शा आलमारी का ताला तोड़ कर घर मे रखे कीमती सामना उठा ले गये! घर के मालिक अब्दुल मोइद खान परिवार के साथ मुंबई रहते हैं! लेकिन उनके भाई गांव में ही रहते हैं जिनका मकान थोड़ी दूर पर ही है! अब्दुल मोइद खान के भाई शकील खान ने बताया कि सुबह में घर के सामने हो रहे सड़क निर्माण को देखने के लिए जब मैं भैया के घर के सामने आया तो देखा की ओसारे वाले कमरे में लगे जंगले की जाली उखड़ा है और ग्रील निकला हुआ है जिसके बाद घर के मेन गेट का ताला खोल कर जब अंदर गए तो अंदर के कमरे का ताला टूटा हुआ मिला और कमरे के अंदर रखें सभी बक्सा , अलमारी, अटैची खुला हुआ और उसके अंदर का सामान बिखरा पड़ा है! चोरी होने की जानकारी होते ही शकील खान ने अपने भाई को फोन करके इस बारे में बताया! चोर घर में रखे जेवर और बर्तन लेकर गये जिसकी कीमत लगभग तीन लाख बताई जा रही है।

## लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने अभिनेत्री कंगना का पुतला फूंका



आर एल पाण्डेय लखनऊ। फिल्म अभिनेत्री कंगना राणावत के स्वतंत्रता आंदोलन के खिलाफ दिए गए बयानों, देश की आजादी के खिलाफ दिए गए बयान और समाज को विभाजित और अपमानित करने वाले बयानों के खिलाफ लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने कंगना का पुतला फूंका और उसको गिरफ्तार करके जेल में भेजने की मांग सरकार से की। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बग्गा ने बताया कि कंगना लगातार देश के लाखों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को अपमानित करने वाले और देश की आजादी को भीख बताकर देश का अपमान करने वाले बयान दे रही हैं जो स्वीकार्य नहीं है ऐसे राष्ट्र विरोधी और देशवासियों को शर्मिंदा करने वाले लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उनको गिरफ्तार करके जेल भेजना चाहिए। कमेटी के महामंत्री हरपाल सिंह जग्गी ने बताया कि देश विरोधी बयानों के साथ–साथ कंगना समाज के विरुद्ध भी बयान दे रही हैं और उनका मकसद केवल चर्चा में बने रहना है क्योंकि फिल्मों में उनको सफलता नहीं मिल रही और चर्चित होकर वह अपने छिपे हुए एजेंडे को पूरा करना चाहती हैं। कंगना से पदम श्री सम्मान वापस लेकर इस को गिरफ्तार करना चाहिए। कमेटी के प्रवक्ता सतपाल सिंह मीत ने कहा कि कंगना के बयानों से पूरे देश में बहुत आक्रोश है महात्मा गांधी और लाखों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का अपमान करके कंगना ने घनघोर अपराध किया है इसको तुरंत गिरफ्तार करके जेल में डालना चाहिए इसके बयानों से देश शर्मिंदा है और अपमान महसूस कर रहा है अपने जिस्म की नुमाइश करके दूसरे दर्जे की फिल्मों में सफलता प्राप्त करके कंगना का दिमाग फिर गया है और यह चर्चा में बने रहने के लिए देश का अपमान कर रही है जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। कंगना के खिलाफ हुए प्रदर्शन में कमेटी के पदाधिकारियों हरविंदरपाल सिंह नीटा हरमिंदर सिंह टीटू, सहज प्रीत सिंह, तेजपाल सिंह रोमी, कुलदीप सिंह सलूजा,जसविन्दर सिंह भाटिया, गुरदीप सिंह भाटिया,रविन्दरपाल सिंह रोमी, राजवंत सिंह बग्गा रंजीत सिंह कमलजीत सिंह सहित अनेक पदाधिकारी और व्यापार मंडल के लोग शामिल हुए और सभी ने कंगना के खिलाफ नारेबाजी करके उसका पुतला फूंका और गिरफ्तार करने की मांग की। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बग्गा ने कहा कि हम लोग कंगना के खिलाफ कठोर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराएंगे और इसको गिरफ्तार करके जेल भेजा जायेगा।

## गोरखपुर में बदमाशों ने दिनदहाड़े घर में घुसकर महिला को मारी गोली : मौत

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : बाइक सवार तीन बदमाशों ने घर में घुसकर महिला को गोली मार दी। महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपित असलहा लहराते हुए फरार हो गए। गांव में लगे सीसी कैमरे की फुटेज में बदमाश आते हुए दिख रहे है। गोरखपुर जिले के बड़हलगंज के सिधुआपार में सोमवार को बाइक सवार तीन बदमाशों ने घर में घुसकर महिला को गोली मार दी। महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपित असलहा लहराते हुए फरार हो गए। गांव में लगे सीसी कैमरे की फुटेज में बदमाश आते हुए दिख रहे है। फुटेज की मदद से पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है। संपत्ति के विवाद में महिला की हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। महिला के पति की तीन साल पहले मौत हो चुकी है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

*अपनीं निंदा को धैर्य से सुनना चाहिये, यह साबुन का काम करती है–*

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

## सम्पादकीय

# भारत–रूस संबंध : मास्को का महत्व

आम तौर पर अमेरिका के साथ अपने संबंधों से खुश होने के विपरीत भारत रूस के साथ अपेक्षाकृत अपनी कम महत्वपूर्ण कूटनीति को मजबूत करने के लिए तैयार है। भारत और रूस के पुराने भाईचारे वाले संबंधों में लौटने को लेकर किसी को कोई भ्रम नहीं होना चाहिए।

क्षेत्रीय और वैश्विक कूटनीति, रक्षा सहयोग, सुरक्षा मुद्दों पर एक साथ काम करने, आतंकवाद का मुकाबला और ऊर्जा जैसे कई क्षेत्र हैं, जिसके लिए तत्काल काम करने की जरूरत है। इस लिहाज से अगला पखवाड़ा महत्वपूर्ण है, जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन छह दिसंबर को नई दिल्ली में होंगे। अमूमन हर दिसंबर में दिल्ली या मास्को में दोनों देशों के शिखर नेताओं की मुलाकात होती ही है। कोविड के कारण सिर्फ पिछला साल इसका अपवाद था। रूस में महामारी तेजी के साथ लौट आई है और लगता है कि पुतिन भारत में सिर्फ कुछ घंटे बिताकर ही वापस लौट जाएंगे।

यह महत्वपूर्ण है कि उन्होंने अभी तक इस सम्मेलन को रद्द या स्थगित करने की बात नहीं कही है, जैसा कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन करने के लिए मजबूर हुए थे। हर भारतीय प्रधानमंत्री के साथ पुतिन के साथ अच्छे रिश्ते रहे हैं और मोदी के साथ चंद घंटे ही पर्याप्त हैं। इसका मतलब यह है कि अधिकांश काम शिखर सम्मेलन से पहले ही पूरे हो जाएंगे। दोनों पक्ष अभी वे मुद्दे तय कर रहे हैं, जिन पर शायद केवल चर्चा की जाएगी, ताकि पुतिन की यात्रा के दौरान उन पर सहमति बनाई जा सके।

महत्वपूर्ण बात है कि शिखर सम्मेलन से पहले ही भारत को एस–400 एयर डिफेंस सिस्टम की रूस से आपूर्ति शुरू हो चुकी है। यह लंबी दूरी तक दुश्मन के लड़ाकू विमानों और क्रूज मिसाइलों को निशाना बनाने की हमारी सैन्य क्षमताओं को बढ़ावा देगा। भारत ने अमेरिकी प्रतिबंधों की अनदेखी करते हुए 2018 में 5.43 अरब डॉलर की पांच एस–400 मिसाइल के लिए अनुबंध किया था। अमेरिका इस पर भारत के खिलाफ काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सेंक्शंस ऐक्ट (सीएएटीएसए) लागू करना चाहता था। लेकिन ऐसा लगता है कि भारत ने जो बाइडन प्रशासन के साथ, जिसने भारत की सुरक्षा चिंताओं के प्रति उल्लेखनीय समझदारी दिखाई है, यह मुद्दा सुलझा लिया है। अपने घनिष्ठ रणनीतिक संबंधों को देखते हुए अमेरिका इन प्रणालियों की खरीद से भारत को रोक भी नहीं सकता था। तब तो और नहीं, जब चीन के पास पहले से यह है, जिसे उसने तिब्बत में तैनात किया है और जिससे भारत को खतरा है।

शिखर सम्मेलन से पहले पांच दिसंबर को भारत और रूस के विदेश और रक्षा मंत्रियों के बीच (22) वार्ता होगी। इससे पहले भारत ने अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ ऐसी बातचीत की है, जिन्होंने क्वाड बनाया है। इसकी तत्काल आवश्यकता खासकर भारतीय सीमा पर चीन के रुख को लेकर पैदा हुई है। रूस के साथ ऐसी वार्ता भारत–रूस के स्थायी संबंधों के कारण महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि मास्को ने हाल ही में क्षेत्रीय मुद्दों, खासकर अफगानिस्तान पर दिल्ली के बजाय बीजिंग के साथ गठबंधन किया है। रूस ने हाल ही में भारत और पाकिस्तान द्वारा आयोजित सुरक्षा वार्ता में भी भाग लिया था। चीन अपने सहयोगी पाकिस्तान को महत्व देने के लिए भारत सरकार द्वारा आयोजित बैठक से दूर रहा।

लेकिन इस क्षेत्र में वास्तव में कोई भी अफगानिस्तान और अफगानिस्तान–पाकिस्तान के अनियंत्रित कबायली क्षेत्र (जो आतंकी गुटों की शरणस्थली रहा है) से पैदा होने वाले खतरे की अनदेखी नहीं कर सकता। तालिबान को खुद इस्लामिक स्टेट–खुरासन से खतरा है। यह खतरा इतना गंभीर है कि इसके चलते पांच मध्य एशियाई देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार दिल्ली में बैठक करने आए।

भारत–रूस द्विपक्षीय व्यापार 8.1 अरब डॉलर तक पहुंचा है, जो क्षमता से निस्संदेह काफी कम है। लेकिन रूस 'मेक इन इंडिया' के तहत रक्षा क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा भागीदार है। चार प्रोजेक्ट 1135.6 फ्रिगेट का निर्माण और सह–उत्पादनय 100 प्रतिशत स्वदेशीकरण के माध्यम से दुनिया की सबसे उन्नत असॉल्ट राइफल–एके–203 का भारत में निर्माणय एसयू–30 एमकेआई और मिग–29 एस लड़ाकू विमानों की अतिरिक्त आपूर्तिय मैंगो गोला बारूद और वीएसएचओआरएडी प्रणाली की अतिरिक्त आपूर्ति एजेंडे में है।

पिछले तीन वर्षों में दोनों देशों ने तेल, प्राकृतिक गैस, ऊर्जा और पेट्रोकेमिकल्स के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाया है। इन सबको मजबूत करने की आवश्यकता होगी। आर्थिक सहायता अब मास्को से दिल्ली की तरफ एकतरफा नहीं है। पहली बार, भारत ने विशेष रूप से सुदूर पूर्व में उसके विकास में घरेलू व्यापार भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए रूस को एक अरब डॉलर की सॉफ्ट क्रेडिट लाइन की घोषणा की। भारत रूस को अलग–थलग नहीं देखता–यह यूरेशिया है। भू–राजनीति के अलावा, भू–अर्थशास्त्र भी काम कर रहा है। दोनों देश ईरान से होकर उत्तर–दक्षिण गलियारे के पूरक के लिए चेन्नई–व्लादिवोस्तोक पूर्वी समुद्री गलियारे को बढ़ावा दे रहे हैं। वे आर्कटिक क्षेत्र सहित उत्तरी समुद्री मार्ग पर भी काम कर रहे हैं, जिसमें भारत और रूस विशेष परामर्श कर रहे हैं।

रूस में भारत के दूत वी. बी. वेंकटेश वर्मा कहते हैं, 'यदि हम विशाल यूरेशियन महाद्वीप के विभिन्न भागों में तीन बड़े भू–राजनीतिक रुझानों को देखें, तो भारत की भागीदारी रूस के हितों के और भारत के अपने हितों के अनुरूप है। हमने जुड़ाव के नए रास्ते खोले हैं, जिनके प्रभाव को महीनों या वर्षों में नहीं, बल्कि दशकों में मापा जाएगा। हमारी रणनीतिक साझेदारी को मापने के लिए यही सही कालानुक्रमिक इकाई है।' वह जोर देकर कहते हैं कि भारत–रूस संबंध अमेरिका, चीन या किसी और के साथ भारत के संबंधों को प्रभावित नहीं करते हैं।

हाल के वर्षों में चीन के साथ भारत के संबंध बहुत खराब हुए हैं। ऐसे में भारत के लिए मास्को का महत्व समझ में आता है। पिछले साल नई दिल्ली और बीजिंग के बीच उसने मध्यस्थता की शांत कोशिश की थी, जब दोनों देशों ने अपनी–अपनी शर्तों पर लद्दाख गतिरोध का समाधान चाहा था। यह भारत–रूस संबंधों के कम चर्चित, लेकिन महत्वपूर्ण हिस्से का सार है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# पाँच दिवसीय खेल प्रतियोगिता का कैबिनेट मंत्री एवं सांसद ने किया शुभारम्भ

शाहजहांपुर ब्यूरो उमाकान्त श्रीवास्तव : जिले में आज पांच दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन नायक जदुनाथ सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम हथौड़ा में किया गया। सांसद खेल स्पर्धा शुभारंभ कैबिनेट मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना एवँ सांसद अरुण कुमार सागर ने संयुक्त रूप से किया। तत्पश्चात विभिन्न खेलों का आयोजन हुआ। सांसद खेल स्पर्धा के अंतर्गत 100 मीटर दौड़ , 200 मीटर दौड़ , 400 मीटर दौड़ , 800 मीटर दौड़ , 3 हजार मीटर दौड़ व लंबी कूद , क्रिकेट , कबड्डी आदि खेलों का आयोजन किया गया। इस मौके पर खेल प्रतिभागियों व उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि सांसद खेल स्पर्धा का मुख्य उद्देश्य खेलों के प्रति युवाओं की रूचि बढ़ाने उन्हें और अधिक प्रतिभावान बनाना है जिससे आगे चलकर युवा प्रतिभाओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल खेलने का प्रदर्शन अवसर प्रदान हो सकें। इस दौरान सांसद अरुण कुमार सागर ने कहा



कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणा एवं प्रदेश सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देशन में सांसद खेल स्पर्धा के अन्तर्गत खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस स्पर्धा के आयोजन से जिले भर के खिलाड़ियों को खेलकूद में प्रतिभाग करने का मौका मिल रहा है और जिले में छुपी हुई प्रतिभाओ को भी एक मौका मिला है। इस अवसर पर पार्टी जिला अध्यक्ष हरि प्रकाश वर्मा , महानगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता,महानगर महामंत्री नवनीत पाठक , सहकारी बैंक चेयरमैन डीपीएस राठौर ,ब्लाक प्रमुख कांट श्रीदत्त शुक्ला ,ब्लाक प्रमुख भावलखेड़ा राजाराम वर्मा , नरेंद्र त्यागी जी आदि मौजूद रहे।

# नए मतदाता एवं सदस्यता से नागरिकों को मिलेगी सशक्त भाजपा सरकार : प्रकाश पाल

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : मतदाता पुनरीक्षण एवं सदस्यता अभियान के तहत जिला प्रभारी प्रकाश पाल तथा जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्र ने बूथ पर कार्यकर्तओ के साथ मिलकर नए मतदाताओ का वोट लिस्ट मे बढ़ाने एव भाजापा सदस्यता अभियान के तहत नए सदस्यों को पार्टी से जोड़ने का कार्य कियाद्य प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी प्रकाश पाल ने मतदाता पुनरीक्षण एवं सदस्यता अभियान के तहत आज हरदोई नगर के बूथ संख्या 238, 240, 243 पर क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा के साथ उपस्थित रहकर सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा १८ वर्ष पूर्ण कर रहे नए मतदाताओं को वोटर लिस्ट में जोड़ने की बात कही साथ ही बूथ कार्यकर्ताओ को अपने अपने बूथ को मजबूत करने का लक्ष्य दिया। इस अवसर पर प्रकाश पाल ने उपस्थित कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि पार्टी सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए हर एक बूथ पर ज्यादा से ज्यादा लोगो को पार्टी से जोड़ने का काम करे। बूथ कार्यकर्ता की ताकत उसके अपने बूथ पर जुड़े सदस्य ही होते है। जिससे पार्टी की नीव मजबूत होगी और प्रदेश के नागरिकों को भाजपा की एक सशक्त और मजबूत सरकार मिलेगी। आम जनमानस को पार्टी सदस्यता अभियान से जोड़ने के लिए फोन नंबर ७५०५ ४०३ ४०३ जारी किया गया है। जिस पर मिस्ड कॉल करके ज्यादा से ज्यादा लोगो को पार्टी की लाभकारी नीतियों और योजनाओं को बताते हुए जोड़ने का काम



करें। गरीबों को दी जा रही राशन योजना हो या युवाओं के लिए नौकरियों और उद्यमों के विकास के लिए उपलब्ध कराए जा रहे स्वर्णिम अवसर होद्य बुजुर्गों और महिलाओं के लिए चाक–चौबंद और दुरुस्त कानून व्यवस्था हो या फिर प्रदेश के विकास में बन रहे सड़कों और मेट्रो का जाल होद्य भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने बिना किसी भेदभाव के सभी तक विकास पहुंचाने का कार्य कियाद्य इसी क्रम में जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज ने अपने बूथ गुजी देई परेली के बूथ संख्या ०१ व ०२ पर मौजूद रहकर नए वोट बनवाने और सदस्य बनाने का काम किया। जिलाध्यक्ष और उमेश नीरज ने पार्टी बूथ कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि 18 वर्ष पूर्ण कर रहे नए वोटरों को मतदाता सूची में जोड़ने का काम करेंद्य भाजपा सरकार की नीति और जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए जनता को भाजपा पार्टी से जुड़ने के लिए प्रेरित करेंद्य भाजपा सरकार की नौजवानों से लेकर बुजुर्गों के लिए बेरोजगारों से लेकर व्यापारियों के लिए चल रही कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का काम करें।

# समाजवादियों को सम्मानित कर नेता मुलायम सिंह यादव का मनाया जन्मदिन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : समाजवादी पार्टी के संरक्षक, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व रक्षा मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, किसानों के नेता मुलायम सिंह यादव जी के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर सपा छात्र सभा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव मुकुल सिंह आशा, पूर्व प्रदेश महासचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ संजय कश्यप व सपा यूथ ब्रिगेड के पूर्व जिलाध्यक्ष रामज्ञान गुप्ता सहित समाजवादी साथियों के साथ हरदोई के वरिष्ठ समाजवादी नेता प्रह्लाद मिश्र , मनोज सिंह बबलू, रामचंद्र गुप्ता , नासिर अली को शाल , गमछा ओढ़ाकर व माला पहनाकर सम्मानित कर नेताजी की लंबी उम्र की कामना कर जन्म दिन मनाया। सपा नेताओ ने कहा कि मुलायम सिंह यादव जी ने हमेशा ही गरीबों, किसानों, बेरोजगारों, नौजवानों व महिलाओं के लिए कार्य किया है। वह पूरे देश के नेता है। रक्षा मंत्री काल में माननीय नेता जी ने सैनिकों के लिए कार्य किया। नेताजी ने जो सैनिक देश की रक्षा में शहीद हो जाते थे उनका पार्थिव शरीर उनके पास उनके परिवार के पास तक नहीं पहुंच पाता था जब नेताजी रक्षा मंत्री थे तो उन्होंने उनके परिवार को शहीद के



पार्थिव शरीर पहुंचाने का कार्य किया। माननीय नेता जी ने अपने मुख्यमंत्री काल में उत्तर प्रदेश में चौमुखी विकास किया। उन्होंने सभी वर्गों के लिए कार्य किए। हम समाजवादी लोग नेता जी के साथ साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले वरिष्ठ समाजवादियों को सम्मानित कर लंबी उम्र की कामना कर जन्म दिन मनाया। इस मौके पर सुधीर गुप्ता मिन्ना, गिरीश गुप्ता, अंकित सिंह, सोनू गुप्ता, सर्वजीत गुप्ता, गजेंद्र सिंह, राजीव गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट व लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज के बीच गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए एमओयू पर किया गया हस्ताक्षर

आर एल पाण्डेय लखनऊ। गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और उच्च शिक्षा में नये आयामों को गढ़ते हुए जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट और लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किया गया जिसमे दोनों ही संस्थानों के अध्यापक और छात्र छात्राएं आपसी आदान प्रदान कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। जयपुरिया प्रबंधन संस्थान के बच्चे और अध्यापक लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज में क्रमशः विभिन्न कक्षाओं में भाग लेने और कक्षाएं देने जायेंगे । यही प्रक्रिया लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज की ओर से भी दोहरायी जाएगी। 9 माह के इस मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग के तहत सभी छात्र




छात्राओं के लिए विभिन्न प्रकार के सेमिनार और कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी जिनका मुख्य उद्देश्य बच्चों और अध्यापकों दोनों को ही नवीन वातावरण में बेहतर कार्य क्षमता विकसित करना होगा। इस एम् ओ यू को जून 2022 में दोबारा नवीनीकृत किया जाएगा।

# आशा कार्यकत्री नीरज बनी आदित्य की जीवनदाता : माँ लक्ष्मी

शाहजहांपुर ब्यूरो उमाकान्त श्रीवास्तव : जनपद बदायूं की सीमा के करीब जिला मुख्यालय से लगभग 75 किलोमीटर की दूरी पर स्थित तहसील कलान है। इस कस्बे मे कई आशाओं के साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत मातृ और शिशु मृत्युदर को कम करने के उद्देश्य से ग्रामीण और नगरी क्ष्रेत्रों में आशाओं को रखा गया हैद्य इसी क्रम में कलान कस्बे के कसा मोहल्ला में आशा नीरज कुमारी कार्यरत है। जैसा कि कहते हैं कर्म ही पूजा है। कुछ ऐसा आशा नीरज कुमारी पर यह मुहावरा सटीक बैठता है। मरीजों को स्वास्थ्य लाभ के दौरान कुछ ऐसा ही व्यवहार करती हैं जैसे वह मरीज उनके घर का हो या उनका ही कोई सगा हो। उनकी कार्यशैली और कार्य के प्रति तत्परता के लोग इस कदर कायल हैं कि अब तो मरीज के जानने वाले भी नीरज के हाथों स्वास्थ्य लाभ लेना चाहते हैं। उसी मोहल्ले के मुकेश कुमार अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी के साथ रहकर मेहनत मजदूरी करके अपना जीवन यापन करते थे । मुकेश की शादी तीन चार वर्ष पहले में हुई थी । मुकेश शादी के पहले से ही मेहनत मजदूरी करके परिवार का सहयोग करता था। शादी के काफी समय बाद मुकेश की पत्नी गर्भवती हुई । इस बात की खबर से मुकेश और उनके माता पिता सहित पूरे परिवार में खुशी का माहौल था । धीरे – धीरे समय बढ़ता गया और प्रसव का समय करीब आने पर एक दिन अचानक लक्ष्मी की तबियत खराब हुई । लक्ष्मी के हाथों पैरों में सूजन आ गई और चक्कर आने लगे । आनन – फानन मुकेश ने पत्नी को ले जाकर महिला चिकित्सक को दिखाया । महिला चिकित्सक के बहुत अधिक खर्च बताने पर मुकेश काफी उदास हुआ । तथा घर पर अपनी माता को फोन पर सारी जानकारी दी । माँ ने कहने पर मुकेश को तुरंत लक्ष्मी को घर लेकर घर आ गया। घर आने के बाद माँ ने सारी जानकारी आशा नीरज कुमारी को दी। आशा नीरज कुमारी ने लक्ष्मी से मिलकर हालचाल जानने पर पाया कि पति के साथ घर के काम काज के साथ मेहनत मजदूरी के काम में भी सहयोग करती थी। इस लिए लक्ष्मी का स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता है । कभी कभी बहुत कमजोरी और चक्कर भी आते हैं। हाथों पैरों में सूजन भी रहती है । नीरज ने उनके परिवार को समझाते हुए कहा प्रसव के लिए आप को अस्पताल ही चलना होगा । ऐसा कहकर नीरज ने उनको मानसिक रूप से मजबूत किया । लक्ष्मी देवी ने 18 अप्रैल 2020 की रात 9 बजकर 25 मिनट पर प्राथमिक



स्वास्थ्य केंद्र कलान के प्रसव कक्ष में सामान्य प्रसव से एक नवजात शिशु को जन्म दिया । लक्ष्मी का स्वास्थ्य खराब होने के कारण जन्म से नवजात शिशु बहुत कमजोर था । शिशु का वजन 1.5 किलोंग्राम था। यहाँ तक शिशु स्तनपान करने में भी असमर्थ था। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलान के स्टाफ ने शिशु को तुरंत सघन नवजात शिशु देखभाल केंद्र ( एस.एन.सी.यू ) जिला अस्पताल लेकर जाने के लिए रेफर किया द्य लेकिन कोरोना संक्रमण के कारण जिला अस्पताल को कोरोना वार्ड बनाकर अन्य सभी सेवाओं को बंद कर दिया था । उस समय निजी अस्पतालों में भी सभी सेवाएं बंद चल रही थी । इस दशा मे परिवार के लोगों ने बच्चे के जीवन की आश छोड़ दी थी द्य उस समय आशा नीरज कुमारी ने बच्चे को अपनी समझदारी और अस्पताल के स्टाफ के सहयोग से बच्चे को कंगारू मदर केयर देने के लिए लक्ष्मी को कहा और लगातार 2 –3 घंटे के.एम्.सी देने के बाद बच्चा रोने लगा। बच्चे के अधिक रोने से परिवार वालों को घबराहट हुई लेकिन नीरज ने बच्चे को लगातार के.एम.सी जारी रखने की सलाह दी। साथ ही शिशु को ठीक से कपड़े में लपेटने और स्नान नहीं कराने , शिशु को स्वच्छ हाथों से छूने और लगातार स्तनपान जारी रखने की भी सलाह दी। नीरज कुमारी ने 2 माह तक लगातर घर पर जाकर नवजात शिशु के स्वास्थ्य का मूल्यांकन किया और देखा कि नवजात शिशु का वजन तो नहीं बढ़ा रहा था लेकिन बच्चा स्तनपान कर रहा था। जिसके कारण आशा के साथ ही लक्ष्मी के परिवार की उम्मीद बढ़ती रहीं। उसी के सहारे आशा नीरज कुमारी ने रोजाना लक्ष्मी के घर जाकर शिशु एवं माँ के स्वास्थ्य की देखभाल के साथ ही शिशु में सामान्य स्वास्थ्य और नाभि , नाल स्तनपान साफ सफाई , के.एम.सी और आंगनबाड़ी की वजन मशीन से वजन इत्यादि की जांच करते रहना जारी रखा द्य माँ के साथ साथ लक्ष्मी की सास ने भी बच्चे को केएमसी देना जारी रखा । साथ ही परिवार के अन्य लोग भी नवजात शिशु की देखभाल जैसे दृ हाथ धोकर नवजात शिशु को छूना , शिशु को कपडे में लपेटकर रखना , नाभि की देखभाल , खतरे के लक्षणों जैसे नवजात का दूध नहीं पी पाना , सांस तेज चलना आदि की लगातार देखरेख की गयी । धीरे धीरे बच्चे का वजन भी बढ़ा और बच्चे के स्वस्थ होते देख उसका नाम आदित्य रखा गया । अब आदित्य 20 माह का होने के साथ बिलकुल स्वस्थ है । अब आदित्य और लक्ष्मी , दादी के साथ रहते हैं। आदित्य की माँ लक्ष्मी ने बताया कि आशा दीदी ने मेरे बच्चे को जीवनदान दिया है । मेरे घर में कई वर्ष के बाद एक आशा की छोटी सी किरण जागी थी । लेकिन मेरा स्वास्थ्य खराब होने से लेकर आदित्य के जन्म के बाद इसकी गंभीर हालत में पूरे परिवार ने साथ दिया। कोरोना संक्रमण के समय बच्चे को कही लेकर जाने का मौका नहीं था और हालात बहुत खराब थे इसमें आशा दी ने अपने बच्चे की तरह मेरे बच्चे को पाला और मेरे परिवार के लोगों को बच्चे की सेवा करने के लिए प्रेरित किया द्य मैं जीवन पर्यन्त इनकी एहसानमंद रहूगी।

# थाना सदर बाजार पुलिस ने नकाबजनी गिरोह को लूट की योजना बनाते हुये किया गिरफ्तार

शाहजहाँपुर ब्यूरो उमाकान्त श्रीवास्तव : जनपद के मोहल्ला बिजलीपुरा निवासी इरफान हुसैन ने 19 नवम्बर को अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मेडिकल स्टोर में नकबजनी करके 70 हजार रुपये चोरी हो जाने के सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज कराया था । बीती शनिवार की रात ( 20 नवम्बर ) को थाना सदर बाजार के प्रभारी निरीक्षक ध र्मेन्द्र कुमार के नेतृत्व मे पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर पुरानी रेलवे लाइन मोहल्ला चमकनी करबला के किनारे खाली पड़ी जगह कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बिजलीपुरा निवासी रेहान एवँ फैजान तथा मुकीम को 01 तमंचा मय कारतूस 12 बोर एवं 01 नाजायज चाकू तथा 39 हजार 4चार सौ 50 रूपये नगद बरामद करते हुए गिरफ्तार किया। वहीं मौके पर मची भगदड़ में उसी मोहल्ले का सूरज भागने मे सफल रहा । जिनके विरूद्ध थाना पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। वहीं फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का प्रयास जारी है। पूछताछ



मे अभियुक्तो ने बताया कि मेडिकल स्टोर से चोरी की गयी नगदी को आपस मे बांट लिया था । तथा अभियुक्त सूरज को हमने ज्यादा रूपये दिये थे क्योकि मेडिकल स्टोर मे चोरी की योजना उसी ने बनाई थी । तथा जो रूपये बरामद किये गए हैं वह भी मेडिकल स्टोर मे चोरी किये गये थे तथा बाकी रूपये खर्च हो गए हैं।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष चुने जाने पर हर्ष का माहौल

शाहजहाँपुर ब्यूरो उमाकान्त श्रीवास्तव : जनपद के कस्बा काँट के मोहल्ला गढ़ी पश्चिम निवासी अतुल सक्सेना प्रतिनिधि स्नातक भाजपा एम एल सी बरेली मुरादाबाद मंडल / प्रभारी शिक्षक विधायक चुनाव ददरौल विधानसभा को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष गौरव सक्सेना ने चित्रांश में एकजुट एवँ जागरूक बनाने की सकारात्मक सोच एवँ कार्यकुशलता को देखते हुए महासभा के राष्ट्रीय नेतृत्व एवँ प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर इन्द्रसेन श्रीवास्तव की अनुमति पर उत्तर प्रदेश की युवा इकाई का प्रदेश उपाध्यक्ष चुने जाने पर अतुल सक्सेना को जनपद के चित्रांश बंधुओं ने माल्यार्पण करने साथ मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया । हर्ष व्यक्त करने वालो में कमला निवास शास्त्री पूर्व चेयरमैन जलालाबाद , राजीव सक्सेना पूर्व वार अध्यक्ष जलालाबाद , सुगम सक्सेना महामंत्री भाजपा कलान , मोहित सक्सेना , प्रशांत सक्सेना (पूर्व सभासद) , अमित सक्सेना सभासद



जलालाबाद , पंकज सक्सेना प्रबंधक काकोरी शहीद इंटर कालेज जलालाबाद , राकेश श्रीवास्तव , अनुज जौहरी , डॉक्टर विजय जौहरी पूर्व महामंत्री भाजपा शांत कुमार विधानसभा महासचिव बसपा ददरौल , आकाश सक्सेना , डॉक्टर अरुण कुमार विधायक बरेली , गौरव सक्सेना , सरोज श्रीवास्तव , पवन सक्सेना , नीरज सक्सेना , अल्पना श्रीवास्तव आदि भारी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के योगदान से बच गई अति कुपोषित तीन बच्चों की जान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिरकोनी ब्लॉक के नेवादा गांव के शिवपूजन की बेटियां खुशी (05 वर्ष) तथा आयुषी (07 माह) बहुत कमजोर थीं। उन्हें खाना नहीं पचता था। बार–बार बीमार पड़ती थीं। वहीं नेवादा के ही लोकनाथ की बेटी कीर्तिका (02 वर्ष) को पेट में दिक्कत रहती थी। बार–बार दस्त होती थी और खाना नहीं पचता था। खुशी और आयुषी की देखरेख कर रहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गीता यादव तथा कीर्तिका की देखरेख कर रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गायत्री ने उनका वजन कर चार्ट से मिलाया तो उनके अति गंभीर कुपोषित (सैम) होने का पता चला। दोनों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने उनके बच्चों के खराब हो रहे स्वास्थ्य का हवाला देकर उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में भर्ती कराने पर जोर दिया लेकिन दोनों ही परिवारों ने भर्ती कराने से इनकार कर दिया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के काफी समझाने पर तीनों बच्चों के परिजन उन्हें एनआरसी में भर्ती करने को तैयार हुए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के इस योगदान से दोनों अति गंभीर कुपोषित बच्चों की जान बच गई। 18 माह में एनआरसी 180 कुपोषित बच्चों को स्वस्थ बना चुका है। परिजनों को ऐसे मनायाः खुशी और आयुषी की मां ने बताया कि वह काम पर व्यस्त रहतीं हैं। घर की स्थिति ठीक नहीं है। बच्चों के पिता भी काम के सिलसिले में बाहर रहते हैं। उसकी बकरी और बच्चों को कौन देखेगा? इसलिए वह भर्ती नहीं कराना चाहती जबकि कीर्तिका की मां ने साफ–साफ इनकार कर दिया। तब आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गीता यादव उनको समझातीं रहीं कि एनआरसी में मुफ्त इलाज होता है, मुफ्त में खाना भी मिलेगा। इसके लिए बार–बार उनके घर जाती और समझातीं रहीं। अंततः वह एनआरसी में भर्ती कराने के लिए तैयार हो गईं। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गायत्री ने भी समझाया कि जब उसकी मां कीर्तिका को एनआरसी में भर्ती करा देंगी तो वह उसकी सारी जिम्मेदारी उठा लेंगी। वह अस्पताल में फोनकर बार–बार उसका हालचाल लेंगी। बच्ची खा रही है या नहीं, दवा मिली या नहीं, जो भी दिक्कत आएगी वह उसका सहयोग करेंगी। इतनी कोशिशों के बाद उनकी मां एनआरसी में भर्ती कराने को तैयार हुईं। खुशी और आयुषी 10 दिन एनआरसी में भर्ती रहीं और उसके बाद वापस आईं। उसके बाद भी बच्चों की देखरेख के लिए गीता उनके घर जाती रहीं। अब दोनों बच्चियां स्वस्थ हैं जबकि कीर्तिका 15 दिन एनआरसी में भर्ती रही। जहां उनका इलाज चला अब वह भी स्वस्थ है। एहतियात के साथ ही उपचार भी– एनआरसी की स्टाफ नर्स मीना बताती हैं कि 23 जून 2020 को खुलने के बाद से लेकर 19 नवम्बर 2021 तक एनआरसी 180 बच्चों को कुपोषण से मुक्त कराकर उनके मां–बाप के जीवन में खुशहाली दे चुका है। 23 जून को जब एनआरसी खुला तो उस समय भी बड़ी संख्या में कोरोना के मामले सामने आ रहे थे। बावजूद इसके एनआरसी का स्टाफ यहां आने वाले बच्चों को पुष्ट करने में लगा हुआ था। वहीं स्टाफ नर्स ज्ञानती यादव बतातीं हैं कि हम लोग बच्चों की देखभाल के समय पूरा एहतियात बरतते थे। ग्लब्स, मास्क, कैप, एप्रेन पहनकर काम करते थे। पूरे वार्ड को सेनेटाइज किया जाता था। जो भी साथ में आने वाले होते थे, उन्हें तथा स्वयं भी बार–बार साबुन से हाथ धोते थे और धुलवाते थे। एनआरसी प्रभारी डॉ राम नगीना कहते हैं कि यहां पर कुपोषित बच्चों के इलाज के लिए चार श्रेणियां बनी हुई हैं जिन्हें हम स्टैंडर्ड डेविएशन (एसडी) कहते हैं जो कि बच्चे की उम्र और बाजुओं की गोलाई नापकर तय किया जाता है। 01 एसडी और 02 एसडी श्रेणी के बच्चों का इलाज स्थानीय प्राथमिक/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ही हो जाता है। 03 एसडी श्रेणी के बच्चे एनआरसी आते हैं जबकि चौथी श्रेणी में न्यूरो और कार्डियक पीड़ित बच्चे आते हैं। उनका इलाज मेडिकल कालेज में होता है। उन्होंने बताया कि एनआरसी आने बच्चे की पहले दिन भूख की जांच की जाती है। बच्चे और उसकी मां को समय–समय पर खाना दिया जाता है। बच्चे की कुपोषण की स्थिति के अनुसार डाइट चार्ट तैयार कर उसे पोषक भोजन दिया जाता है। साथ आने वाली मां/अभिभावक को 50 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से अलग से खाने के लिए मिलता है। बच्चे की जांच और दवा सब मुफ्त रहती है। जो दवा अस्पताल में रहती है, दे दी जाती है। नहीं रहती है तो खरीद कर दी जाती है। अस्पताल आने–जाने में भी मरीज का कुछ खर्च नहीं होता है। राष्ट्रीय बाल स्वस्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के लोग, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम उसे लेकर आते हैं और ले जाते हैं। पीड़ित परिवार का पैसा खर्च नहीं होता है।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा चलाया जा रहा वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी का अभियान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद की कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने एवं अपराधा/अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु पुलिस अधीक्षक जौनपुर श्री अजय साहनी के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत जनपद के थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए कुल 05 वारंटी व 02 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसका थानावार विवरण निम्न प्रकार हैः– 1. थाना जफराबाद पुलिस ने मु0नं0 534/12 धारा 147/323/504/506/427 भादवि से सम्बन्धित वारंटी अभियुक्त अनिल कुमार पुत्र राधे नि0 पौना थाना जफराबाद जौनपुर उम्र 33 वर्ष को गिरफ्तार किया। 2. थाना मुंगराबादशाहपुर पुलिस ने न्यायालय वारण्ट सम्बन्धित मु0नं0– 126/17 धारा 128 भादवि से सम्बन्धित एक वारंटी अभियुक्त अरशद पुत्र स्व0 अहमद निवासी पकड़ी थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर को छिवकी स्टेशन प्रयागराज से दिनांक 20/11/2021 को करीब 17.20 बजे गिरफ्तार कर थाना हाजा लाकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। 3. थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अभियुक्त सनातन मौर्या पुत्र स्व0 राम स्वारथ मौर्या नि0 मखदूम शाह अढन थाना कोतवाली जौनपुर उम्र 30 वर्ष को अभियुक्त के घर से सम्बन्धित वारण्ट दृमुकदमा नं0 –95/20 धारा 376/313 भादवि मे आज दिनांक 21.11.21 को गिरफ्तार किया गया आवश्यक कार्यवाही की जा रही है । 4. थाना बदलापुर पुलिस ने मु0अ0सं0–



126/21 धारा 452,323,504,506,354 भादवि से सम्बन्धित वारंटी दो अभियुक्त 1– निजामुद्दीन पुत्र स्व0 शाकीर 2–अफजल पुत्र निजामुद्दीन निवासीगण पुरानी वाजार थाना बदलापुर जौनपुर को किया गिरफ्तार। 5. थाना मड़ियाहूँ पुलिस ने मु0अ0सं0 297/2021 धारा 323/504/354/286 भा.द.वि. से सम्बन्धित अभियुक्त डाक्टर मुसहर पुत्र पाचू मुसहर निवासी ग्राम चोरारी थाना मडियाहूँ, जौनपुर को आज दिनांक–21.11.2021 को मुखबीर की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज गया। 6. थाना मड़ियाहूँ पुलिस द्वारा आज दिनांक 21.11.2021 को थाना मडियाहूँ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 0052/2020 धारा 419,420,467,468,471,406,120बी भा.द.वि. से सम्बन्धित अभियुक्त प्रहलाद सिंह पुत्र स्व. रंगबहादुर सिंह नि. गनेशपुर थाना बरसठी, जौनपुर को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

इस प्रकार अभियान के दौरान कुल 05 वारंटी व 02 वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गयी।

# माइनर सफाई में आरोप के मुताबिक ठेकेदार लिख रहे सरकारी धन बर्बादी की इबारत

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) यूपी में भ्रष्टाचार मुक्त शासन की बात हो रही है और योगी सरकार द्वारा कहीं कहीं ये सख्ती दिखाई भी दे रही है।लेकिन आरोप के मुताबिक जिम्मेदार अफसरों की खाऊ कमाऊ नीति के चलते ये सख्ती रूदौली के नहर विभाग के ठेकेदारों पर बिल्कुल नही दिख रही है।यही कारण है विगत तीन वर्षों से कागजों पर माइनर की सफाई हो जाती है लेकिन सच्चाई कोसों दूर है।जिसका जीता जागता सुल्तानपुर ब्रांच अन्तर्गत रानीमऊ माइनर है।जिसमें सिल्ट सफाई के नाम पर ठेकेदार ने मानकों की धज्जियां उड़ा दी।ऐसा नही इससे अफसर वाकिफ नही है बल्कि जिम्मेदार लोग जान बूझकर अंजान बने हुए है।बताते चलें कि इन दिनों तहसील रूदौली में रजबहा और माइनरों में सिल्ट सफाई का कार्य जोरों से चल रहा है और इसमें ठेकेदारों द्वारा जमकर भ्रष्टाचार भी किया जा रहा है।देखा गया कि रजबहा माइनरों की सिल्ट सफाई का जो मानक है उस पर जिम्मेदार लोग कोई भी ध्यान नहीं दे रहे है।जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते मानक विहीन सिल्ट सफाई का कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा है।माइनरों रजबहों की सफाई में केवल और केवल शासन को दिखाने की कोशिश की जा रही है लेकिन असल बात कुछ और लग रही है।क्षेत्रीय किसान बुधई वर्मा व जय सिंह सहित मवई जिला पंचायत सदस्य रमला देवी ने रानीमऊ माइनर की सफाई पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि माइनर सफाई के नाम पर ठेकेदार द्वारा बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है।हकीकत जानने के लिए जब रानीमऊ माइनर में सफाई का अवलोकन किया तो माइनर के हेड के पास से लगभग 30 मीटर तो सफाई की गई।उसके बाद पूरी की पूरी माइनर छोड़ दी गई।3 किलोमीटर की इस माइनर में लगभग 500 मीटर भी मानक अनुरूप सफाई नही की गई।यही हाल कोटवा सिपहिया माइनर,नेवरा माइनर,मांगी व रामसरन दासपुर माइनर का है जिसमें सिल्ट सफाई के नाम पर ठेकेदार द्वारा मानकों की धज्जियां उड़ाई जा रही है।इस संबंध में राजकुमार शुक्ला अवर अभियंता सुल्तानपुर ब्रांच ने बताया कि रानीमऊ माइनर में सफाई की लापरवाही की शिकायत मिली है।जब तक सभी माइनरों की सफाई मानक अनुरूप नही होगी पेमेंट नही किया जाएगा।

# मानबेला में सीएम ने सौपा पीएम आवास की चाभी

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी लाभार्थियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मानबेला में बनाये गये पन्द्रह सौ लाभार्थियों को आवासों की चाभी सौपी।मेयर सीताराम जैसवाल जिलापंचायत अध्यक्ष साधना सिंह सांसद सदर रवि किशन सांसद राज्य सभा जयप्रकाश निषाद विधायक नगर डॉ राधामोहन दास अग्रवाल विधायक कैम्पियरगंज फतेहबहादुर सिंह पिपराइच विधायक महेन्द्र पाल सिंह सहजनवां विधायक सीतल पांडेय विधायक ग्रामीग विपिन कुमार सिंह गोरखपुर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रेम रंजन सिंह कमिश्नर रवि कुमार एनजी डीआईजी जे रविंद गौड डीएम विजय किरन आनंद एसएसपी डॉ विपिन ताड़ा एडीएम सिटी विनित कुमार सिंह एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी सहित अन्य जन प्रतिनिधि व लाभार्थियों मौजूद रहे।

# योगी सरकार ने ग्राम प्रधानों को दी जिम्मेदारी : अधिकारियों से कहा – लें सहयोग

लखनऊ। गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि टीकाकरण के काम को तेजी से आगे बढ़ाया जाए। इस कार्य के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ग्राम प्रधानों व पार्षदों का सहयोग लें। मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को टीम 9 की बैठक में कोविड टीकाकरण को और तेज किए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए घर–घर जाकर सर्वेक्षण किया जाए। 10 करोड़ 41 लाख 32 हजार से अधिक लोगों ने कोविड वैक्सीन की पहली डोज प्राप्त कर ली है। यह संख्या टीकाकरण के लिए पात्र प्रदेश की कुल आबादी की 70 प्रतिशत से अधिक है। बैठक में मुख्यमंत्री योगी को बताया गया कि प्रदेश में जीका वायरस की पॉजिटिविटी दर में निरन्तर कमी आ रही है। मुख्यमंत्री कहा कि जीका वायरस से संक्रमित प्रत्येक मरीज के स्वास्थ्य की सतत निगरानी की जाये। मुख्यमंत्री ने बढ़ती ठण्ड के मद्देनजर राजस्व विभाग और नगर विकास विभाग को तत्काल रैनबसेरों की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। उसमें कहा कि इसमें सभी जरूरी सुविधाएं सुलभ करायी जाएं। उन्होंने गौ–आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश को ठण्ड से बचाने के लिए आवश्यक प्रबन्ध करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि गौ–आश्रय स्थलों पर रात्रि में एक केयर टेकर की ड्यूटी लगायी जाए, जिससे गोवंश की समुचित देखभाल हो सके। डीएम धान क्रय केंद्रों का दौरा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी धान क्रय केन्द्रों पर व्यवस्था सुचारु बनी रहे। जिलाधिकारी धान क्रय केन्द्रों का नियमित तौर पर निरीक्षण करें। जिलों में नोडल अधिकारी एक्टिव रहें। किसानों को भुगतान में देरी न हो।

# कायस्थ महासभा द्वारा आयोजित चित्रांश समागम एवं चितंन बैठक संपन्न



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय कायस्थ महासभा उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित चित्रांश समागम एवं चितंन बैठक दिनांक 20 नवम्बर 2021 शनिवार को विश्वसैरया सभागार लखनऊ में आयोजित हुआ। सर्व प्रथम भागवान चित्रगुप्त के चित्र पर माल्यापर्ण एवं आरती मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कान्त सहाय एवं अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्य सभा संसाद आरके सिन्हा द्वारा किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ इन्द्रसेन श्रीवास्तव ने किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध कान्त सहाय ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कायस्थ महासभा कायस्थ समाज ने मान सम्मान एवं गरिमा एवं अस्तित्व कायमध करने के लिए हर वो कार्य करेगी जो आवश्यक होगा। आज यहि चिन्तन बैठक उसी दिशा एक कदम है। विशिष्ट अतिथियों में राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनीतिक प्रकोष्ठ प्रदीप माथुर , राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डा० मुकेश श्रीवास्तव, राष्ट्रीय महामंत्री विश्वविमोहनध कुलश्रेष्ठ,राष्ट्रीय संगठन मंत्री पीसीएल श्रीवास्तव,राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष मेघना श्रीवास्तव आदि आदि लोग रहे। कार्यक्रम का स्वागत भाषण प्रदेश अध्यक्ष डा० इन्द्र सेन श्रीवास्तव, संचान प्रदेश महामंत्री श्याम चन्द श्रीवास्तव ने किया। उक्त आशय की जानकारी प्रदेश प्रवक्ता विश्व प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई।

# सभी मतदान केंद्रों पर चलाया जा रहा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुपालन में जनपद के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। आयोग के इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम को पूर्ण रूप से सफल बनाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के कुशल नेतृत्व में जनपद के प्रशासनिक अधिकारी युद्ध स्तर पर कार्यवाही सुनिश्चित कर रहे हैं , ताकि जनपद के सभी मतदान केंद्रों पर इस अभियान को सफल बनाते हुए सभी पात्र नागरिकों एवं विशेष कर महिलाओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। इस उद्देश्य से उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामप्रकाश द्वारा विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचकर निरीक्षण करते हुए बीएलओ , सुपरवाइजर एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उपजिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण के विशेष अभियान तिथि पर शाहगंज विधानसभा के बूथ नंबर 45, 46, 47 का निरीक्षण किया गया। संबंधित बीएलओ को वोटर हेल्पलाइन एप एवं गरुड़ ऐप के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में छूटे हुए मतदाताओं को जोड़ने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने 18 से 19 वर्ष के युवा मतदाताओं का नाम सम्मिलित करने हेतु एवं महिला मतदाताओं को जोड़ने हेतु विशेष रुप से घर–घर सर्वे करके अभियान चलाने का निर्देश दिया।

# निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण कार्यक्रम संपन्न



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिनांक–21 नवम्बर 2021 को पुलिस लाइन, जौनपुर में इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन जौनपुर द्वारा कैम्प लगाकर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के डाक्टर्स डा0– संजय सिंह, डा0 इन्द्रा सिंह ( एम.डी.फिजिशियन ) , डा0 विवेद कन्नौजिया, डा0 संजय सिंह, डा0 नवीन सिंह ( आर्थो सर्जन ), डा0 अरुण सिंह, डा0 विशद पटेल ( जनरल सर्जन ), डा0 अम्बर खान, डा0 प्रियंका चौहान ( स्त्री रोग विशेषज्ञ ), डा0 अभिषेक मिश्रा, डा0 मुकेश शुक्ला ( बाल रोल विशेषज्ञ ) , डा0 शशिकांत यादव ( मानसिक रोग विशेषत्र ), डा0 बी. के.यादव ( चर्म रोग विशेषज्ञ ), डा0 शशि प्रताप सिंह, डा0 राहुल श्रीवास्तव ( न्यूरो सर्जन ) ने भाग लिया । स्वास्थ्य शिविर में पुलिस के अधिकारी / कर्मचारी एवं उनके परिवार द्वारा भारी संख्या में उपस्थित होकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर, श्री जितेन्द्र दूबे, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन , श्री अनुपम सिंह व अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# निर्वाचन आईडी कार्ड पोस्टमैन पहुंचाएंगे घर–घर : सदर तहसील सभागार में संग्रह अमीन संग्रह अनुदेशक कर रहे लिफाफे में पैक

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : निर्वाचन आईडी कार्ड बीएलओ द्वारा ना पहुंचाने की शिकायत पर गंभीरता से लेते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त के निर्देश पर वोटर आईडी कार्ड को डाकिया घर घर पहुचायेगा सदर तहसील सभागार में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर कुलदीप मीना के निर्देशन पर सदर तहसीलदार बृजमोहन शुक्ला की देखरेख में सग्रह अमीन व सग्रह अनुसेवक नए वोटर आईडी कार्ड को उनके पता पर डिस्पैच करने का कार्य सुगमता से लेखपाल सुपरवाइजर रोजी पांडेय के निगरानी में सदर तहसील सभागार में कर रहे हैं उसके पूर्व वोटर मतदाता आवेदक से टेलीफोन पर वार्ता कर पूरी जानकारियां उनके पते की लेकर उस पते पर भेजने का कार्य कर रहे हैं जिससे आसानी से उनके घरों पर वोटर आईडी कार्ड पहुंच जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वीडियो कांफ्रेंसिग में यह नई व्यवस्था बताई गई है, ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट ने जिसकी तैयारी शुरू कर निर्वाचन आईडी भेजना प्रारम्भ कर दिए हैं। आधार व पैन कार्ड की तर्ज पर डाक भेजी जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर लिफाफे में पहचान पत्र पैक किए जा रहे जो पता लिखकर संबंधित को भेजे जाएंगे। एक लिफाफा पर एक पहचान पत्र होगा, जो संबंधित एसडीएम डाकिया को वितरण के लिए वहीं से उपलब्ध कराएंगे। नए वोटर आई कार्ड के लिए अब मतदाताओं को इधर–उधर चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा उनके घर पोस्टमैन पहुंचाने का कार्य सुगमता के साथ कर देंगे।

# उप जिला निर्वाचन अधिकारी व संबंधित अधिकारी अपने–अपने क्षेत्रों का करते रहे निरीक्षण

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी विजय किरन आनंद की निर्देशन पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर कुलदीप मीना के देखरेख में सदर तहसीलदार बृजमोहन शुक्ला के नेतृत्व में सदर तहसील के 1485 बूथों पर 1485 बीएलओ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए 1 जनवरी 2022 को 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नए मतदाताओं का नाम जोड़ने व मृतक मतदाताओं का नाम निकालने व अन्य बूथो पर नाम होने वाले मतदाताओं का नाम निकालने का कार्य बूथों पर किया जा रहा है इसकी निगरानी उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ एडीएम वित्त राजेश कुमार सिंह व सदर तहसील अंतर्गत चारों विधानसभा की निगरानी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर कुलदीप मीना सदर तहसीलदार बृजमोहन शुक्ला बीएलओ सुपरवाइजर एईआरओ की निगरानी कर रहे की कौन कौन अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं कर रहा। रविवार विशेष पुनरीक्षण में नए वोटरों को जोड़ने और नाम सुधार के लिए लगातार दूसरे दिन विशेष कैंप का आयोजन किया गया है. इसके तहत सदर तहसील के सभी1485 बूथों में बीएलओ मौजूद रह कर वोटर लिस्ट में नया नाम जोड़ने व अन्य सुधार के लिए आवेदन ले रहे हैं मालूम हो कि नए वोटरों का नाम जोड़ने के लिए 01.01.2022 को अर्हता तिथि मानकर वोटर लिस्ट के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम 01.11.2021 से 30.11.2021 तक चलना है। जिसके तहत पांच दिन विशेष कैंप का आयोजन होना है इसके तहत 20 नवंबर को आयोजन हुआ और आज रविवार 21 नवंबर को आयोजन किया जा रहा है वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने, सुधार व अन्य कार्य के लिए विशेष कैंप में सुबह 10.00 बजे शाम 5.00 बजे तक बूथ पर बीएलओ उपस्थित रहेंगे सदर तहसील के अंतर्गत शहर विधानसभा 322 में 471 बीएलओ 46 सुपरवाइजर 3 एईआरओ तीन अतिरिक्त एईआरओ पिपराइच 321 में 450 बीएलओ 44 सुपरवाइजर 3 एईआरओ 3 अतरिक्त एईआरओ ग्रामीण विधानसभा 323 में 460 बीएलओ 44 सुपरवाइजर 3एईआरओ 4 अतरिक्त एईआरओ कैंपियरगंज आंशिक 320 में 104 बीएलओ 9 सुपरवाइजर अपने अपने दायित्वों का निर्वहन कर पुनरीक्षण का कार्य सुगमता के साथ अपने–अपने बूथों पर कर रहे सुपरवाइजर व एईआरओ अपने अपने निर्धारित बूथों का निरीक्षण कर बीएलओ की निगरानी कर रहे हैं वही उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ एडीएम वित्त राजेश कुमार सिंह सदर तहसीलदार बृजमोहन शुक्ला बूथो की निगरानी कर रहे ग्रामीण क्षेत्र के कुछ बूथों पर बीएलओ के ना आने की सूचना मिल रही थी। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी विजय किरन आनंद के निर्देश पर सदर तहसील की 3 विधानसभाओं व एक कैम्पियरगंज आंशिक में एसडीएम सदर कुलदीप मीना व सदर तहसीलदार बृजमोहन शुक्ला चारो विधानसभा के बूथों पर विशेष कैंप का आयोजन किस प्रकार हो रहा है इसका जायजा संबंधित विस में ले रहे हैं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर ओके जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम वित्त राजेश कुमार सिंह जनपद की समस्त है बूथो पर पहुंच कर पुनरीक्षण के कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। पदाधिकारी बूथों का औचक निरीक्षण कर यह भी देख रहे हैं कि बीएलओ बूथ पर मौजूद हैं या नहीं? जिन बूथों पर बीएलओ मौजूद नहीं मिलेंगे उन पर नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी। 01.01.2022 या उसके पूर्व 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के होंगे तो वे अपना नाम जोड़ने के लिए ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं. इसके लिए ECI के portal http%//NVSP.in एवं Voter Helpline App के माध्यम से अप्लाई किया जा सकता है। प्रत्येक बूथों पर फॉर्म 6 – वोटर लिस्ट में नाम दर्ज करने के लिए फॉर्म 7 – वोटर लिस्ट में सम्मिलित, मृत, स्थानान्तरित, दोबारा प्रविष्टि, योग्यता नहीं रखने वाले मतदाताओं का नाम हटाने के लिए फॉर्म 8 – वोटर लिस्ट में गलत नाम, उम्र, संबंधी का नाम, फोटो आदि के सुधार के लिए फॉर्म 8 क – वोटर लिस्ट में पता और एक ही विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में एक मतदान केंद्र से दूसरे मतदान केंद्र पर स्थानान्तरित के लिए उपलब्ध है। सदर तहसील के शहर विधानसभा 322 में दिव्यांग मतदाता 2172 व 80 से 4959 मतदाता पिपराइच 321 में दिव्यांग 1879 तथा 80 से ऊपर 6486 ग्रामीण 323 में 1069 80 से ऊपर 5505 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे इनके घर दिव्यांग 80 से ऊपर मतदाताओं के घर सक्षम अधिकारी उनके घर पहुंच कर मतदान कराने का कार्य करेंगे जिससे अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग सुयोग्य सरकार बनाने में कर सकेंगे।

# जनपद को मिली बी.एस.एल–2 की सौगात : सीएम योगी द्वारा विडियो कांफ्रेसिंग के जरिए हुआ शुभारंभ

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : रविवार का दिन जनपद के लिए महत्वपूर्ण व ऐतिहासिक दिन के रूप में जाना जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने सुलतानपुर जनपद को एक ऐसी सौगात दिया है, जिससे अब कोरोना जैसे वायरस की पुष्टि मात्र 24 घंटे में मिलेगी, पूर्व में कोरोना वायरस का सैम्पल लखनऊ भेजा जाता था, जिसकी रिपोर्ट दो से तीन दिन बाद मिलने के कारण मरीजों का इलाज काफी विलंब से शुरू हो पाता था, परंतु अब आरटीपीसीआर की रिपोर्ट लखनऊ से नही बल्कि जनपद से ही 24 घंटे में उपलब्ध हो जाएगी, और कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों का समय से इलाज प्रारंभ हो सकेगा। बताते चले की प्रदेश सरकार ने यूपी के 15 जनपदों को बीसएल–2 लैब की सौगात देने का काम किया है, उन पंद्रह जिलों में सुलतानपुर भी शामिल हैं। रविवार को मुख्यमंत्री उप्र योगी आदित्यनाथ के द्वारा सभी जनपदों का विडियो कांफ्रेसिंग के जरिए शुभारंभ किया गया, शुभारंभ के समय मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.डीके त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिक्षक डॉ.एससी कौशल, नोडल अधिकारी डॉ.एसके पांडेय, डॉ.आदित्य दूबे, नॉन मेडिकल सांइटिस्ट डॉ.मनोज द्विवेदी, विवेक कुमार जायसवाल, स्वास्थ्य विभाग के सिविल इंजीनियर बी.एन. यादव, लैब टेक्निशियन विवेक यादव, अंकित श्रीवास्तव, पिंकी मिश्रा,




कम्प्यूटर ऑपरेटर पूजा,रंजीत जायसवाल, जय पांडेय सहित तमाम अधिकारी, कर्मचारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे, बताते चले की बीसएल–2 लैब शहर के वार्ड नंबर–1 करौदिंया स्थित एमनएम सेंटर में स्थापित की गई है, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.डीके त्रिपाठी ने बताया की अब रक्त नमूना चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ या बलरामपुर भेजने की जरूरत नहीं पड़ेगा, आरटीपीसीआर की जांच रिपोर्ट समय से उपलब्ध हो जाएगी, जिससे मरीजों का इलाज भी समय से संभव होगा। सूत्रों की माने तो अतिशीघ्र बीसएल–2 लैब में जीका वायरस और डीएनए टेस्ट की भी संभावना है। मुख्य चिकित्साधिक्षक डॉ. एससी कौशल ने कहाकि जनपद के लिए बीसएल–2 लैब बहुत बड़ी उपलब्धि है, अब जांच रिपोर्ट को लेकर इंतजार नही करना पड़ेगा।

# थाना जफराबाद पुलिस द्वारा एक अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी ,पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन मे अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक(नगर) के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर जौनपुर के पर्यवेक्षण में प्र0नि0 योगेन्द्र सिंह के नेतृत्व में थाना जफराबाद पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान लहरी यादव उर्फ रामलाल पुत्र हीरालाल यादव नि0 करमही थाना जफराबाद जौनपुर उम्र 22 वर्ष के कब्जे से एक एक नजायज देशी कट्टा 315 बोर एंव एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया उक्त बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 139/2021 धारा 3/25 आर्स्म एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण – 1. लहरी यादव उर्फ रामलाल पुत्र हीरालाल यादव नि0 करमही थाना जफराबाद जौनपुर। पंजीकृत मुकदमा– 1. मु0अ0सं0 139/2021 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना जफराबाद जौनपुर। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम– 1.उ0नि0 राजीव मल्ल,हे0का0 राजेश सिंह,हे0का0 कमलेश प्रसाद सैनी, हे0का0 घनश्याम सिंह, हे0का0 गिरिशचन्द यादव थाना जफराबाद, जौनपुर।

# त्रेता युग जैसी बनेगी राम नगरी अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) प्रभु राम के जन्म पर गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित चौपाई अब अयोध्या में रोजाना नवस्फूरति और उत्तरोत्तर विकास के प्रतिमान का परिचायक बन रही है।मालूम हो कि सुप्रीम कोर्ट से 9 नवंबर 2019 को 5 सदी से चल रहे मंदिर मस्जिद विवाद का अंतिम फैसला आते ही अयोध्या त्रेतायुग के अपने स्वर्णिम युग मे लौटने लगी है।जिसके चलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 5 अगस्त को राम मंदिर का भूमि पूजन और कार्य आरंभ कराते हुए सबके राम सब में राम का उद्घोष करके समूचे विश्व को विश्व विजयी राम के रामराज्य सरेआम के राम राज्य से साक्षात्कार कराया था।तो इस साल 29 अगस्त को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने सपरिवार आकर राम नाम की महिमा गाई।वही उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री बनते ही योगी आदित्यनाथ ने यहां आकर न सिर्फ दिव्य दीपोत्सव की नींव रखी बल्कि इस समय वे त्रेतायुग जैसी विश्व की सांस्कृतिक राजधानी बनाने की कल्पना को साकार करने में प्राण प्रण से जुटे हैं।अलौकिक राम मंदिर के साथ विश्व स्तरीय पर्यटन पर फोकस रोजाना लाख भक्तों के दर्शन पूजन की होगी सुविधा राम मंदिर निर्माण के साथ यहां अरबों रुपए खर्च कर विश्व स्तरीय पर्यटन सुविधाओं पर तेजी से कार्य चल रहा है। श्री राम जन्मभूमि परिसर में वन रहा राम मंदिर दुनिया में अलौकिक होगा इसके लिए यहां रोजाना दस लाख भक्तों के दर्शन पूजन की सुविधाएं विकसित की जा रही है। मंदिर के निर्माण और तीर्थ यात्रियों के लिए संबद्ध सेवाओं सुविधाओं के विकास के लिए 67 एकड़ के जटिल क्षेत्र को विकसित करने के लिए मल्टी नेशनल कंपनियों की सेवाएं ली जा रही है। निर्माण कार्य भारत की प्राचीन पद्धति से किया जा रहा है ताकि मंदिर शहस्त्रों बरसों– तक खड़ा रहे भूकंप



या किसी अन्य प्रकार की आपदा में कोई क्षति न हो इसलिए निर्माण कार्य में लोहे का प्रयोग नहीं हो रहा है। 10 हजार करोड़ रुपए से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण हो रहा है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को अब तक 750 करोड रुपए और मुक्त हो चुके हैं। हवाई अड्डे का मौजूदा क्षेत्रफल 182.17 एकड़ है जबकि कुल 743 एकड़ भूमि की आवश्यकता है। राजस्व विभाग की ओर से चल रही भूमि खरीद में 1125.75 करोड रुपए खर्च आने का अनुमान है। तेजी से हवा चल रही है का निर्माण कराया जाएगा 35 सौ करोड़ रुपए से 84 कोसी परिक्रमा मार्ग का चौड़ीकरण होगा। 252 किलोमीटर 84 कोसी परिक्रमा मार्ग को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करके डीपीआर तैयार करने की कार्रवाई सर्वे का कार्य शुरू किया है। 35 हजार करोड़ रुपए से विश्व स्तरीय पर्यटन नगरी का निर्माण होगा।गली नाली निर्माण और सुधार के अन्तर्गत विकास प्राधिकरण साकेत पुरी कॉलोनी समिति के 16 वार्डों में सड़क गली और नाली को बनाकर विश्वस्तरीय बनाने की शुरूआत कर रहा है।यह जानकारी जिले के प्रभारी मंत्री नीलकंठ तिवारी प्राधिकरण अध्यक्ष / मण्डलायुक्त एम पी अग्रवाल , उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने संयुक्त रुप से आयोजित विश्वविद्यालय मे नव्य अयोध्या को विश्व स्तरीय पर्यटन नगरी के रूप मे विकसित करने के प्रयास की चर्चा पर जानकारी दी है।

# विहिप प्रवक्ता ने हस्ताक्षर न करने का एसडीएम सदर पर लगाया आरोप : एसडीएम ने बताया निराधार

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) अयोध्या के विहिप मुख्यालय कारसेवक पुरम में संचालित श्रीराम गोशाला के वार्षिक अनुदान की फाइल पर हस्ताक्षर न करने पर विहिप प्रवक्ता शरद शर्मा एसडीएम सदर प्रशांत कुमार पर खफा हो गए हैंसउन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा उप मुख्यमंत्री सहित जिलाधिकारी अयोध्या से इस मामले की शिकायत की है।गोशाला में निरीह गोवंश की हो रही सेवा, वही श्रीराम गोशाला समिति के सह प्रबंधक शरद शर्मा ने लगाते हुए कहा कि यह स्थिति जब इस गोशाला की है तो अन्य के साथ क्या हो रहा होगास उन्होंने कहा कि श्रीराम गोशाला गत 30 वर्षों से निरीह औरअसहाय जिसमें अधिकतर तस्करों से छुड़ाए गए गो वंश हैं, जिनकी रक्षा व संवर्धन यह आत्मनिर्भर व स्वालंबी गोशाला करती रही है। जिसके वर्तमान में श्रीरामजन्म तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट सचिव चंपत राय तथा उपाध्यक्ष अयोध्या सांसद लल्लू सिंह विहिप संरक्षक व प्रबंधक पुरूषोत्तम नारायण सिंह हैं। विहिप प्रवक्ता शरद शर्मा ने सीएम को ट्वीट कर इस मामले की शिकायत की।विहिप प्रवक्ता शरद शर्मा ने एसडीएम पर यह आरोप लगाते हुये सीएम को ट्वीट कर इस मामले की शिकायत किया कि एसडीएम सदर ने गोसेवकों को यह कहकर लौटा दिया कि मेरे पास फुर्सत नहीं है।इस संबंध में शरद शर्मा ने बताया कि मेरी स्वयं एसडीएम सदर से दूरभाष पर हुई वार्ता के बाद श्रीराम गोशाला के सेवकों को वार्षिक अनुदान राशि प्राप्त करने हेतु ''गौ सेवा'' आयोग को भेजी जाने वाली फाइल पर हस्ताक्षर करने के लिए भेजा गया। लेकिन एसडीएम सदर ने गोसेवकों को यह कहकर लौटा दिया कि मेरे पास फुर्सत नहीं है।उन्होंने कहा कि एक चर्चित और सक्रिय गोशाला के साथ जब एक प्रशासनिक अधिकारी का ऐसा बर्ताव है, तो अन्य गौशालाओं के साथ कैसा व्यवहार किया जाता होगा यह प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है।उन्होंने कहां इस विषय से ट्वीट करके प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व जिला अधिकारी अयोध्या को भी अवगत करा दिया गया है। एसडीएम सदर ने कहा कि मेला व अन्य व्यस्तताएं रहीं।वही इस संबंध में एसडीएम सदर बृजेश कुमार सिंह ने कहा कि विकास योजनाओं व कार्तिक मेले की व्यस्तता के कारण कुछ फाईलों पर काम नहीं हो सका जिन्हें शीघ्र निपटाया जाएगा।उन्होंने कहा कि अयोध्या में कई विकास योजनाएं चल रही हैं जो सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल हैं।

## जल्द शुरू होगा बंधे के किनारे से बाईपास निर्माण कार्य : रंग लाई विधायक की मेहनत

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)जिले के गोसाईगंज कस्बे को जाम से निजात दिलाने व बाजार को टूटने से बचाने के लिए इलाकाई विधायक इंद्र प्रताप खब्बू तिवारी के प्रयास ने रंग दिखाना शुरू कर दिया।मालूम हो कि शासन ने तीन सौ साल से अधिक पुरानी गोसाईगंज कस्बे को बचाने के लिए साढ़े पांच किलोमीटर लंबे बाईपास निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान करते हुए करोड़ो रुपए अवमुक्त कर दिया हैं।अब बाइपास बनाने के लिए शासन स्तर पर भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई तेज होने के साथ ही लोक निर्माण विभाग ने टेंडर प्रक्रिया को अमली जामा पहनाने की कार्रवाई भी शुरू कर दी है। कार्यवाही के तहत राममहर ग्राम सभा अचकवापुर से पीडब्ल्यूडी अधिकारी प्रशांत यादव बीके तिवारी, मुन्ना प्रसाद विनोद विश्वकर्मा, आशुतोष अवस्थी, पकरेला ग्रामसभा के लेखपाल मधुराम शर्मा के देखरेख में नापजोख की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बाईपास निर्माण से करीब एक लाख की आबादी को सीधा लाभ मिलेगा।पीडब्लूडी अधिकारियों के मुताबिक कस्बे में बाईपास की प्रक्रिया तेजी से शुरू हो गई है।बाईपास के लिए सिंचाई विभाग का जो बंधा है वह जमीन बाईपास सड़क बनाने के लिये ठीक नहीं है। वह जमीन दलदल हैं। सिंचाई विभाग के पीडब्लूडी विभाग के जेई बीके तिवारी ने बताया कि 25 मीटर का बंधा है।जो 18 मीटर छोड़कर 35 से 39 मीटर उत्तरी क्षेत्र में लिया जा रहा है। जिसमें गोसाईगंज के भीटी रोड़ मड़हापुल स्थिति हनुमानगढ़ी मंदिर को हटाकर मंदिर को दूसरी जगह स्थापित करने की बात कही है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पूरा मामला दो सप्ताह के अंदर लोगों को क्लियर हो जाएगा। उत्तरी छोर पर जिनकी जमीन बाईपास फोरलेन सड़क बनाने के लिए जा रहा है उन सभी को लगभग 15 दिन बाद सारी प्रक्रिया पूरी होने पर नोटिस मिलना शुरू हो जाएगा। पीडब्लूडी के अधिकारी ने बताया कि बंधे से जो एलाइनमेंट हम लोगो को मिला है 35 मीटर भूमि लोक निर्माण विभाग बाईपास बनाने के लिए अधिग्रहण करेगी।

# डीएम के निर्देश पर संबंधित अधिकारियों ने किया निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों का निरीक्षण

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)।जिलाधिकारी नीतीश कुमार के निर्देश में जनपद के समस्त निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों का संबंधित खंड विकास अधिकारी / नोडल अधिकारी व पशु चिकित्सा अधिकारियों द्वारा संयुक्त रुप से स्थलीय निरीक्षण किया गया।इस मौके पर आश्रय स्थलों में पशुओं हेतु उपलब्धा भूसा–चारा, चुनी–चोकर, पानी, पशुओं के स्वास्थ्य ठंड से बचाव हेतु उपलब्धा व्यवस्थाओं आदि का जायजा लिया।वही संबंधित सचिव एवं ग्राम प्रधान को अपने अपने से संबंधित आश्रय स्थलों में नियमित पर्याप्त मात्रा में भूसा– चारा, चुनी– चोकर की व्यवस्था सुनिश्चित रखने पशुओ के पीने हेतु पानी की व्यवस्था सुरक्षित रखने के साथी ठंड के मौसम के दृष्टिगत पर्याप्त टीन शेड वह ठंड से बचाव हेतु शेड के चारों तरफ से आवश्यकतानुसार बोरे / तिरपाल / टाट –पट्टी आदि के द्वारा बंद करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।इस दौरान दिन के साथ ही रात में भी ड्यूटी पर लगाए गए कर्मियों को गंभीरता के साथ ड्यूटी पर तैनात रहकर पशुओं आश्रय स्थल की देखभाल करते रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल संबंधित अधिकारी को सूचित करने के निर्देश दिये।जिलाधिकारी ने समस्त गोवंश आश्रय स्थलों पर तैनात पर उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारियों / पशु चिकित्सा अधिकारियों व पशुधन प्रसार अधिकारियों को रोजाना अपने–अपने आश्रय स्थलों का भ्रमण कर नियमित समस्त पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण करने तथा किसी भी पशु को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल उसे समुचित चिकित्सा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को भी नियमित आश्रय स्थलों का भ्रमण करने तथा सभी आश्रय स्थलों में समस्त सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी पशुओं का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, ससमय टीकाकरण सुनिश्चित रहे साथ ही ठंड से बचाव हेतु सभी आवश्यक सुविधाएं समय से पूर्ण कर ली जाये।

# रौजागांव चीनी मिल ने गन्ना खरीद के लिए किया इंडेंट पूजा

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड यूनिट रौजागांव में पेराई सत्र 2021 –22 के लिए वैदिक मंत्रों के साथ दिनांक 19 नवंबर दिन शुक्रवार को इंडेंट पूजा आचार्य संदीप द्विवेदी,महाप्रबंधक गन्ना इकबाल सिंह एवं यूनिट हेड निष्काम गुप्ता द्वारा किया गया। इस मौके पर यूनिट हेड निष्काम गुप्ता द्वारा बताया गया कि 24,25 व 26 नवंबर 2021 को क्रय केंद्रों का इंडेंट एवं 25 व 26 नवंबर 2021 को मिल गेट का इंडेंट प्रेषित किया गया।इसी के साथ 24 नवंबर 2021 वाह्य क्रय केंद्रों पर गन्ने की खरीद शुरू कर दी जाएगी इसके बाद 25 नवंबर 2021 से मिल गेट पर गन्ने की खरीद शुरू कर दी जाएगी।25 नवंबर 2021 को ही गन्ना इकट्ठा होने के उपरांत गन्ना पेराई का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।साथ ही साथ यूनिट हेड ने बताया कि पेराई सत्र 2021 –22 में गत वर्ष की भांति हाईटेक व्यवस्था की गई है जिसमें गन्ना कृषकों के मोबाइल पर प्राप्त एसएमएस से गन्ना पर्ची की तौल की जाएगी गन्ना मूल्य भुगतान की जानकारी भी एसएमएस के माध्यम से ही दी जाएगी इसलिए किसान भाइयों से अनुरोध है कि किसान भाई अपने मोबाइल का इनबॉक्स समय–समय पर खाली किया करें जिससे समय से उन्हें गन्ना पर्ची आदि संबंधित एसएमएस मिल सके साथ ही मिल में किसानों को कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी।यदि किसी को कोई परेशानी होती है तो उसका त्वरित निदान किया जाएगा।महाप्रबंधक(गन्ना)ने बताया कि सभी क्रय केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक कांटों से गन्ने की तौल की जाएगी।किसान भाई गन्ना पर्ची का एसएमएस प्राप्त हुए बिना गन्ने की कटाई कदापि ना करें अर्थात किसान भाई कच्चा गन्ना कदापि ना काटे। क्योंकि गन्ना काटने के बाद गन्ने के वजन में निरंतर कमी आती है इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है सभी किसान भाइयों से महाप्रबंधक(गन्ना)ने अपील की कि साफ–सुथरा एवं ताजा गन्ना ही केंद्र केंद्रों एवं मिल गेट पर आपूर्ति करे।इसके साथ ही बताया की घोषणा पत्र भरने की समय सीमा दिनाँक 30 नवंबर 2021 तक आयुक्त महोदय गन्ना एवं चीनी लखनऊ द्वारा बढ़ा दी गई है।इसलिए सभी किसान भाई अपना ऑनलाइन घोषणा पत्र समय से भरवा ले।इस मौके पर इंडेंट पूजा में चीनी मिल के अतिरिक्त महाप्रबंधक(इंजीनियरिंग)मनोज त्रिपाठी, सहायक महाप्रबंधक (वाणिज्य) नीरज कुमार राजपूत, सहायक महा प्रबन्धक(प्रशासन एवं कार्मिक)धनंजय कुमार सिंह,उप प्रबन्धक (मानव शंशाधन) अभय बाजपई, मुख्य प्रबंधक (आईटी) अरुण ओझा, सहायक महाप्रबंधक (गन्ना) हरदयाल सिंह, गन्ना प्रबंधक विकास सिंह, उपगन्ना प्रबंधक अनिल शुक्ला, उपेंद्र पाठक, अजीत राय, सहायक गन्ना प्रबंधक सौरभ सिंह, अमित सिंह, मुकेश कुमार, राम औतार गौतम, सुधीर चौधरी, गुप्ता, नरेंद्र मिश्रा, घनश्याम, सुनील कुमार वर्मा, रवि कुमार मिश्रा एवं सभी विभागों के विभागाध्यक्ष अधिकारी एवं कर्मचारीगण पूजा में उपस्थित रहे।

# अवध विश्वविद्यालय में चला स्वच्छता मिशन अभियान

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या)डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में स्वच्छता अभियान के दूसरे शनिवार को को कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह ने परिसर स्थित बापू भवन के सामने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। विश्वविद्यालय में स्वैच्छिक श्रमदान एवं साफ–सफाई का सघन अभियान सुबह 7 बजे से 9 बजे तक मुख्य परिसर, आईईटी, एमबीए सहित अन्य विभागों में चलाई गई।इस मौके पर कुलपति प्रो0 सिंह ने स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि मन की स्वच्छता के साथ अपने आस–पास के परिवेश को स्वच्छ बनाये रखना जरूरी है। बिना स्वच्छता के अच्छे विचार आना असंभव है।इसलिए आंतरिक स्वच्छता के साथ बाह्य स्वच्छता आवश्यक है।कुलपति ने परिसर के समस्त अधिकारियों, विभागाध्यक्षों एवं समन्वयकों से कहा कि स्वच्छता के प्रति अपने शिक्षकों एवं कर्मचारियों को प्रेरित करें। मुख्य परिसर में कुलपति प्रो रविशंकर सिंह के स्वैच्छिक श्रमदान के उपरांत आईईटी एवं एमबीए परिसर का जायजा लिया एवं स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। इस मुहिम में कुलसचिव उमानाथ, वित्त अधिकारी प्रो0 चयन कुमार मिश्र, प्रो0 एसएस मिश्र, प्रो0 आरके सिंह, प्रो0 विनोद श्रीवास्तव, प्रो0 शैलेन्द्र वर्मा, प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी, डॉ0 महेन्द्र सिंह, डॉ0 राजेश सिंह कुशवाहा, डॉ0 कपिल राना, डॉ0 श्रीश अस्थाना, डॉ0 अर्जुन सिंह, डॉ0 स्वाति सिंह, डॉ0 आरएन पाण्डेय, डॉ0 अनिल विश्वा, डॉ0 शैलेन, डॉ0 संदीप कुमार, डॉ0 कपिलदेव, डॉ0 निमिष मिश्रा, डॉ0 चन्द्रशेखर, गिरीशचन्द्र पंत, सुरेन्द्र प्रसाद, बह्मानंद गुप्ता, रामजी सिंह सहित अन्य विभागों के शिक्षक एवं कर्मचारियों ने स्वैच्छिक श्रमदान कर साफ–सफाई की।

# कांग्रेसजनों ने पदयात्रा निकालकर मनाया किसान विजय दिवस

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) विगत साल से देश के किसान और कांग्रेस पार्टी केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा लाए गए तीन कृषि विरोधी काले कानून के खिलाफ लगातार आंदोलित है सरकार द्वारा लाए गए कठोर कृषि कानून के खिलाफ आंदोलन में 600 से अधिक किसानों ने अपनी शहादत दी और इस काले कानून को वापस करने के लिए निरंतर आंदोलित रहे। उनके आंदोलन को असफल करने हेतु मोदी सरकार द्वारा जगह–जगह पुलिस बैरिकेडिंग,लाठीचार्ज,आंसू गैस के गोले और वाटर कैनन से लगातार किसानों को पीछे धकेलने को मजबूर नाकाम कोशिश करते रहे थे कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार किसानों की आवाज बन कर इस हिटलरशाही सरकार के खिलाफ किसान भाइयों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर पूरी शक्ति के साथ खड़े रहे और उन्होंने पहले ही कह दिया था कि सरकार चाहे जितनी भी ताकत लगा ले लेकिन किसान और कांग्रेस पार्टी पीछे नहीं हटेगी और केंद्र की बीजेपी सरकार को यह कानून वापस लेना ही पड़ेगा लगातार। देश के किसान और कांग्रेस पार्टी ने इस तानाशाह सरकार के खिलाफ लगातार संघर्ष करते रहे और आखिरकार केंद्र की मोदी सरकार को किसानों को आगे झुकना पड़ा और अपने यह तीन काले कानून को वापस लेने की घोषणा करनी पड़ी। अयोध्या कांग्रेसजनों ने इस ऐतिहासिक जीत को किसान विजय दिवस के रुप में मनाया जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में सैकड़ों की तादाद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय से सिविल लाइन गांधी पार्क स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के प्रतिमा तक पदयात्रा निकालकर खुशी का इजहार किया। इससे पूर्व उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव / जनपद प्रभारी हनुमंत विश्वकर्मा ने कहा यह सच्चाई की जीत है और अहंकारी मोदी सरकार की हार है उन्होंने कहा आंदोलन में शहीद हुए सभी किसान भाइयों को हम समस्त कांग्रेसजन अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा इस अहंकारी सरकार को किसानों की चिंता नहीं है बल्कि किसान भाइयों एवं कांग्रेस द्वारा चलाए जा आंदोलन से घबराकर एवं आने वाले विधानसभा चुनाव में चुनावी फायदा लेने के लिए यह घोषणा की है जिस प्रधानमंत्री ने 600 से अधिक किसानों की शहादत पर शोक तक प्रकट नहीं किया वह अब मगरमच्छ के आंसू बहा रहा है परंतु देश के किसान इनके झांसे में आने वाला नहीं एवं समय आने पर इनको इन्हीं की भाषा में जवाब देगा। जिला प्रवक्ता मोहम्मद शरीफ ने बताया किसान विजय दिवस पदयात्रा में प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव सुनील पाठक,पीसीसी सदस्य दयानंद शुक्ला,अशोक कुमार सिंह,युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संजय तिवारी, युवा नेता शरद शुक्ला, अब्दुल हकीम, राजेश तिवारी, रामनरेश मौर्य, अजीत वर्मा, भीम शुक्ला, विनोद यादव, अमरजीत रावत, श्रीनिवास शास्त्री, शत्रोहन कोरी, राजेश पांडे, फ्लावर नकवी, फिरोज अंसारी, संदीप यादव रिशु, शालिनी पांडे, वीरेंद्र सैनी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तीसरे दिन छात्र– छात्रा वर्ग में योग और कुलपति ब्रिगेड और रजिस्ट्रार ब्रिगेड के बीच म्यूजिकल चेयर खेल प्रतियोगिता संपन्न

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के क्रीडा विभाग आवासीय परिसर में चल रहे अंतर विभागीय खेल प्रतियोगिता 2021–22 दिनांक 20 नवम्बर को खेल के तीसरे दिन छात्र– छात्रा वर्ग में योग और कुलपति ब्रिगेड और रजिस्ट्रार ब्रिगेड के बीच म्यूजिकल चेयर खेल प्रतियोगिता संपन्न हुई।योग प्रतियोगिता के छात्र–छात्रा वर्ग में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो0 संत शरण मिश्र ने सभी प्रतिभागी खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर सभी को उत्साहित किया और जीवन में योग की उपयोगिता को साझा किया।योग प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में योग विभाग के राजपाल कई चरणों के बाद विजेता और शारीरिक शिक्षा के प्रियांशु उपविजेता बने। छात्रा वर्ग में योग विभाग ने शानदार प्रदर्शन किया, जूली ने पहला और स्वेच्छा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।निर्णायक की भूमिका अनुराग सोनी, आलोक तिवारी , गायत्री वर्मा और देवेन्द्र कुमार वर्मा ने निभाई।सायं सत्र में कुलपति और कुलसचिव ब्रिगेड के मध्य म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि डॉ अनिल कुमार मिश्र ने सभी प्रतिभागियों का परिचय प्राप्त करते हुए सभी को जीत की शुभकामनाएं दी। रोमांचक मुकाबले में कुलसचिव ब्रिगेड के संतोष कुमार मौर्या ने कुलपति ब्रिगेड के डॉ अनुराग तिवारी को हराया। म्यूजिकल चेयर की प्रतियोगिता में डॉ मोहन चन्द्र तिवारी , अनुराग सोनी, डॉ दिनेश सिंह, डॉ संजीव कुमार सिंह, संतोष मौर्या, डॉ मनोज कुमार, डॉ अनुराग तिवारी, आलोक तिवारी ने प्रतिभाग किया। अरविन्द तिवारी और अरविन्द यादव म्यूजिकल चेयर खेल में निर्णायक रहे।क्रीडा प्रभारी डॉ मुकेश कुमार वर्मा ने बताया की दिनांक 22 नवम्बर को छात्र छात्रा वर्ग में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन होगा।इस अवसर ,आनंद मौर्या, अजीत यादव, अजय यादव, कन्हैया और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## अयोध्या–बाराबंकी सीमा पर बनेगा बस अड्डा : सांसद लल्लू सिंह ने किया शिलान्यास

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) अयोध्या–बाराबंकी की सीमा पर जल्द ही बस स्टेशन तैयार हो जाएगा। शनिवार को अयोध्या के सांसद लल्लू सिंह व दरियाबाद विधायक सतीश चंद्र शर्मा ने बस स्टेशन के निर्माण के लिए शिलान्यास किया। चुनावी वर्ष में बस स्टेशन का शिलान्यास कार्यक्रम चुनावी कार्यक्रम की तरह सजा हुआ दिखाई पड़ा। विधायक ने केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का बखान किया। विधायक ने क्षेत्र में सुहासा पुल, रारी पुल, मिनी स्टेडियम, नगर पालिका सहित सड़कों का निर्माण के बारे में बताया। वहीं, अयोध्या के सांसद लल्लू सिंह पूरी तरह चुनावी मोड में भाषण देते हुए नजर आए। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के विकास की गति को निरंतरता देने के लिए एक बार पुनः आपके बीच में विधायक सतीश चंद शर्मा पर विश्वास जता सकते हैं। उन्होंने कहा जैसे मोदी और योगी की जोड़ी काम कर रही है वैसे ही यहां लल्लू सिंह और सतीश शर्मा की जोड़ी विकास का कार्य कर रही है। कार्यक्रम को सुरेंद्र मिश्रा, दिलीप मिश्रा, अवधेश श्रीवास्तव, चेयरमैन जगदीश गुप्ता, देवानंद पांडेय, मुलायम सिंह यादव आदि ने संबोधित किया। संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक तिवारी ने किया। एसडीएम विजय त्रिवेदी, प्रदीप सिंह, जितेंद्र सिंह रिकू, अभिषेक वर्मा, हरीश द्विवेदी, कमलाकांत द्विवेदी, जवाहर वर्मा मौजूद रहे। रामसनेहीघाट के धरौली बैशनपुरवा गांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनने वाला बस स्टेशन 4.41 हेक्टेयर में तीन करोड़ 37 लाख की लागत से बनेगा। इसमें चारों तरफ बाउंड्रीवाल, एक बस स्टेशन भवन, इंटरलाकिग यात्रियों के बैठने के लिए व्यवस्था, शौचालय ब्लाक सहित अन्य सुविधाएं होंगी।

# वर्तमान सरकार कर रही किसानो को प्रताड़ित – कामरेड सत्यभान सिंह

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व जिला सचिव व किसान सभा के जिलाध्यक्ष कामरेड मोहम्मद इशहाक को सूत्र के मुताबिक उनके घर पर ही पुलिस प्रशासन द्वारा उनके हाउस अरेस्ट कर लिया गया।जिसकी जनवादी नौजवान



सभा घोर निंदा जताया।इस संबंध में देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व एनबीसी चैनल के ब्यूरो चीफ से एक खास मुलाकात में जनौस के प्रदेश महासचिव कामरेड सत्यभान सिंह जनवादी ने कहा कि सरकार अलोकतांत्रिक कार्यवाही कर रही है।इसके साथ ही साथ डर फैला रही है किसानों के आंदोलन को और उनकी जायज मांग को भी गलत ठहराने की पूरी और भरपूर कोशिश के बाद भी सरकार को झुकना पड़ा।इस मौके पर उन्होंने बताया कि उसके बाद भी 22 नवम्बर को लखनऊ में होने वाली किसान महापंचायत में शामिल होने से रोकने के लिए एक दिन पहले से दबिस देकर गिरफ्तारियां करके डराने की पूरी कोशिश कर रही है जो एकदम दुर्भाग्यपूर्ण है।इसकी सजा आने वाले चुनाव में जनता उन्हें खुद देती।इस मौके पर उन्होंने बताया कि पुलिस ने माकपा नेता कामरेड मोहम्मद इशहाक,जनवादी महिला समिति की नेता कमरुन्निसा, रहीसा बेगम, शहनाज, शाहजहां, किसान नेता कमला प्रासाद बागी को हाउस अरेस्ट किया।

## हमेशा की तरह इस बार भी ट्रस्ट कर रही है शीत कालीन सहायता शिविर की शुरुआत –जेबी सिंह

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) इंसानियत ही सबसे बड़ा धर्म है।कुछ उद्देश्यों को आत्मसात कर सियाराम चौरिटेबल ट्रस्ट लगातार गरीब, असहाय लोगों की किसी न किसी तरीके से मदद करता रहा है,जो अनवरत जारी है।सियाराम चौरिटेबल ट्रस्ट कई वर्षों से भीषण ठंड में लोगों की सेवा कर रहा है और इस बार भी ठंड की शुरुआत होते ही ट्रस्ट ने शीतकालीन सहायता शिविर की शुरुआत कर दी है।जिसके माध्यम से लोगों की सेवा की जा रही है।इसी सेवा कार्य को बेहतर तरीके से संपादित कराये जाने को लेकर देवभूमि उत्तराखंड से अयोध्या पहुंचे ट्रस्ट के उपाध्यक्ष जेबी सिंह ने संचालक अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक कर गहनता से मंथन किया।तीन दिन के प्रवास पर अयोध्या आये जेबी सिंह ने कार्तिक पूर्णिमा पर रामलला व हनुमानगढ़ी का दर्शन–पूजन कर आशीर्वाद लिया, तो वहीं सरयू में स्नान कर देश के सुख समृद्धि की कामना की।शीतकालीन सहयता शिविर को लेकर जेबी सिंह ने बताया कि सियाराम चौरिटेबल ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य गरीबों की सेवा करना है, चाहे वह किसी भी माध्यम से हो, उन्होंने कहा कि दुनिया मे इससे बड़ा कोई पुण्य नहीं है, इंसानियत से बड़ा कोई धर्म भी नहीं है। उन्होंने बताया कि ठंड की शुरुआत होते गरीब व असहय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, उनकी इन्हीं परेशानियों को दूर करने के लिये ही शीतकालीन सहायता शिवित की शुरुआत की गई है। उन्होंने बताया कि शिविर के जरिये कंबल, अलाव सहित कई प्रकार के सामाजिक कार्य किये जा रहे हैं।वहीं दूसरी ओर ट्रस्ट के संचालक अध्यक्ष रामानुज सिंह रामा ने बताया कि एक तरफ जहां शीतकालीन सहायता शिविर के जरिये जरूरतमंदों की आवश्यकताओं को पूरा किये जाने की कोशिश की जा रही है। इसके साथ उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले दिसबंर माह में एक कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, ताकि लोगों को ठंड से कुछ राहत दिलाई जा सके।

# राम कथा पार्क में हुआ ब्रह्म सागर मंथन शिविर का आयोजन सम्पन्न

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) राम कथा पार्क में ब्रह्म सागर मंथन शिविर हुआ।इस मौके पर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने मंथन किया।जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद ने राम मंदिर के फैसले पर कहा कि हमारी नजर में राजनीतिक दल सफल नहीं हुए।रामलला पर हो रहे राजनीति पर बोले स्वामी निश्चलानंद कहा राजनीति ही राज धर्म है।दंड नीति है।अर्थनीति है। धर्म की सीमा के बाहर राजनीति ही नहीं है।अधर्म सत्ता लोलुपता अदूरदर्शिता राजनीति का पर्याय बन गई है।नेताओं में राजनीति का कोई लक्षण नहीं है।आजकल के राजनीति में राजनेताओं में चरितार्थ नहीं है। अपवाद की दृष्टि से एक दो नेता हो सकते हैं। सभी पार्टियों के अयोध्या आने पर बोले स्वामी निश्चलानंद।कहा राम हमारे हैं सभी को अब कहने की आवश्यकता पड़ रही है।हम ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य सभी को सनातन वैदिक आर्य सिद्धांत पर सभी को जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं।इसी प्रयास से काम कर रहे हैं ताकि सारा विश्व इससे प्रभावित हो सके।कम से कम सभी इस तथ्य को माने।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24 / 234 / 2019 / R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।